INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-330 | मथुरा, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## बांके बिहारी मंदिर में उड़ा गुलाल बसंत पंचमी से शुरू हुआ 40 दिवसीय फाग उत्सव

# ब्रज में गूंजी 'सब जग होरी जा ब्रज में होरा'


ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में बसंत पंचमी पर शुरू हुई होली पर उड़ता अबीर गुलाल।


द्वारिकाधीश मंदिर में अबीर गुलाल उड़ाते सेवायत।

## द्वारकाधीश मंदिर में प्रारंभ हुआ 40 दिवसीय होली महोत्सव

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** सब जग होरी जा ब्रज में होरा की गूंज के साथ ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर से विश्वप्रसिद्ध ब्रज की होली का आगाज़ हो गया। बसंत पंचमी की सुबह ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के बाहर देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। जैसे ही मंदिर के पट खुले और श्रृंगार आरती संपन्न हुई, सेवायत गोस्वामियों ने ठाकुरजी के चरणों में अर्पित गुलाल को भक्तों पर छिड़कना शुरू कर दिया। देखते ही देखते पूरा मंदिर प्रांगण सतरंगी छटा में सराबोर हो गया। भक्तों का उत्साह ऐसा था कि हर कोई अपने आराध्य के रंग में रंगने को आतुर दिखा। मंदिर परिसर बांके बिहारी लाल की जय और होली है के जयघोष से गुंजायमान रहा।"आज ब्रज में होली रे रसिया" गाते हुए रंगोत्सव का आनंद लेते नजर आए। मंदिर को गेंदा, सरसों के फूलों, रंगीन गुब्बारों और सुगंधित इत्र से भव्य रूप से सजाया गया था। ठाकुर बांके बिहारी जी को वसंती वस्त्रों और आभूषणों से सजाया गया। पंचमेवा से बने केसरिया मोहन भोग का विशेष भोग अर्पित किया गया। साथ ही सरसों के फूलों की माला धारण कराकर वसंत आगमन के पद गाए गए। सेवायत ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने बताया कि बसंत पंचमी पर भगवान को अबीर गुलाल लगाने के साथ ही ब्रज में होली की परंपरागत शुरुआत होती है, जो रंगनाथ मंदिर की होली के साथ संपन्न होगी। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों का कहना था कि बांके बिहारी के दर्शन से जो सुख मिलता है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

बसंत पंचमी पर श्री ठाकुर द्वारकाधीश में होली महोत्सव का शुभारंभ हो गया। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि आज सुबह 10 बजे ठाकुर श्री द्वारकाधीश को अबीर-गुलाल से होली खिलाई गई। इसके साथ ही मंदिर में 40 दिवसीय होली उत्सव की शुरुआत हुई।

तिवारी ने बताया कि सब जग होरी या बृज होरा की परंपरा के अनुसार पूरे ब्रजमंडल में 40 दिनों तक होली से जुड़े धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। पुष्टिमार्ग संप्रदाय में होली का डाढ़ा पूर्णिमा के दिन गाड़ा जाएगा। इसके बाद पड़वा के दिन से ब्रज के प्रसिद्ध रसियाओं का गायन प्रारंभ होगा। यह गायन द्वारकेश रसिया मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक बृज फाग और होली रस की प्रस्तुतियां होंगी।


बसंत पंचमी पर शाहजी मंदिर में खुले बसंती कमरे की झांकी।

## बसंतोत्सव पर अर्पित हुई चाँदी की देहरी

बसंतोत्सव पर भगवान ठाकुरबांके बिहारी महाराज के गर्भग्रह की मुख्य देहरी पर एक भक्त की ओर से करीबन दस किलो चाँदी की नई देहरी अर्पित की गई।


बसंती कमरे को देखने आए श्रद्धालुओं की भीड़।

सख्ती

## तीसरी आंख से चलेगा बिजली चोरी रोकने का अभियान

# बॉडी कैमरे की निगरानी में होगी जांच, बढ़ेगी पारदर्शिता

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नए फैसले के बाद जिले में बिजली चोरी रोकने की कार्रवाई अब बदले हुए स्वरूप में शुरू की जाएगी। अब बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जब भी जांच अभियान चलाएंगे, तो पूरी कार्रवाई तीसरी आंख यानी बॉडी कैमरे की निगरानी में होगी। इस नई व्यवस्था से जहां बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसेगा, वहीं आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। अब तक कई बार उपभोक्ताओं की ओर से शिकायतें सामने आती थीं कि जांच के दौरान उन्हें बेवजह परेशान किया जाता है या नियमों का सही तरीके से पालन नहीं होता। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि



### रिकॉर्डिंग से रुकेगा शोषण, विभाग और उपभोक्ता दोनों को मिलेगा लाभ

अब हर जांच टीम के पास बॉडी कैमरा होगा। जांच के दौरान पूरी प्रक्रिया कैमरे में रिकॉर्ड होगी। इससे यह साफ रहेगा कि कार्रवाई किस नियम के तहत और किस तरीके से की गई है। यदि बाद में कोई शिकायत आती है, तो रिकॉर्डिंग देखकर सच्चाई सामने लाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। झूठे आरोपों से उन्हें बचाव मिलेगा और विभाग में पारदर्शिता बढ़ेगी। बॉडी कैमरे की निगरानी से गलत तरीके से लाभ उठाने की संभावना कम होगी और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। इससे आम लोगों का भरोसा बिजली विभाग पर मजबूत होगा। बिजली चोरी करने वालों के लिए यह साफ चेतावनी है कि अब नियम तोड़ना आसान नहीं होगा। जांच के दौरान पुख्ता सबूत होंगे, जिससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना सरल हो जाएगा।

# बसंती कमरा खुलते ही भीड़ उमड़ी हर कोई बोला.. क्या अद्भुत कला

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** बसंत पंचमी पर बसंती कमरा खुलने का हर कोई इंतजार करता है। यह बसंती कमरा शाहजी मंदिर में है। साल में हर बसंती पंचमी को ही दो दिन के लिए खोला जाता है। जैसे ही आज सुबह बसंती कमरा खुला तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। बसंती कमरा देखते ही हर किसी के मुंह से निकला क्या अद्भुत कला का नमूना देखने को मिल रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड भी दर्शन के लिए आए। सुबह की तरह ही सायं को बसंती कमरा खुला तो देर रात तक भीड़ उमड़ी। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर हाईपावर्ड कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार भी अपनी टीम के सदस्यों के साथ आए। सभी ने बसंती कमरा की कलाकृति को निहारा। शाहजी मंदिर के सेवायत प्रशांत शाह एडवोकेट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर शाह कृष्ण सरन गुप्ता, शाह, मुदित गोयल, अमित गुप्ता, मनीष शर्मा, देवेश शर्मा, बीजू एवं हीरा आदि सभी ने मिलकर व्यवस्था संभाली।

## मौसम का मिजाज बदला: धूप-बादलों की आंख-मिचौली, दिन भर चली बसंती हवा

# जिले में हल्की बूंदाबांदी संग लौटी ठंड



छाता लगाए स्कूटी सवार बारिश से बचते हुए।



बारिश में से सिर ढक कर निकलते बच्चे।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** आज सुबह से मौसम के बदले तेवरों पर हर किसी की निगाह थी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान से सुबह भगवान भास्कर के दर्शन हुए, लेकिन कुछ देर में आसमान में छाए बादलों की ओट में वह छिप गए। वह फिर दोपहर के समय काले बादलों के कारण दिन के समय अंधकार सा छा गया। आसमान में उड़ने वाले पक्षी अपने घौंसलों में छिप गए। देखते ही देखते जिले के अनेक क्षेत्रों में बारिश होने लगी तो बाजारों में अफरा तफरी मच गई।

सुबह आसमान पर बादलों ने डेरा जमाया तो सूरज नहीं निकले। करीब सात बजे तेज गति से चली बयार ने बादलों को कुछ साफ किया तो सूरज झलक दिखलाने लगे। सूरज ठीक से चमके भी नहीं कि फिर आसमान पर बादल छा गए और सूरज गायब हो गए। कुछ देर बाद हल्की बूंदाबांदी भी हो गई। इसके बाद बादल तो नहीं साफ हुए, लेकिन बूंदाबांदी जरूर रुक गई। दोपहर में फिर मौसम ने पलटवार किया। मध्यम गति की बयार के साथ आसमान पर बादलों ने लंगर डाल दिया। काले बादलों के जमने के बाद कई बार आकाशीय गर्जना भी हुई। आकाशीय गर्जना के साथ बूंदाबांदी हो गई। ऐसे मौसम से सर्दी भी उल्टे पांव लौट आई। मौसम के ऐसे हाल से अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम को भी बूंदाबांदी हुई और आसमान पर बादल जमे रहे। मौसम विभाग ने शनिवार को भी मौसम खराब रहने और बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान जताया है।

### तीन दिन खराब रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने जनपद से जुड़ा मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक नरेंद्र कुमार के अनुसार, 26– 27 और 28 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान हल्की बारिश होने की संभावना बनी रहेगी।

## आकाशीय गर्जना के साथ बूंदाबांदी, सहमे किसान

### खराब मौसम को लेकर अन्नदाता चिंता में

### सरसों और आलू की फसल होगी प्रभावित

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** शुक्रवार को आकाशीय गर्जना के साथ हुई बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ गई। बादल, बयार और बूंदाबांदी ने जहां ठंड की वापसी कर दी, वहीं मौसम के ऐसे हाल से किसान सर्वाधिक परेशान नजर आए। किसानों का मानना है कि बूंदाबांदी ज्यादा होने से आलू और सरसों की फसल प्रभावित होगी।

किसानों का कहना है कि हल्की बारिश फसलों के लिए अच्छी होती है, लेकिन अगर बारिश ज्यादा हो गई तो खेतों में खड़ी फसलें खराब हो सकती हैं। इसी डर से किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। खेतों में गेहूं, सरसों, आलू और सब्जियों की फसल खड़ी है। किसानों का कहना हैं कि इन फसलों को अभी संतुलित पानी की जरूरत है। किसान रामस्वरूप एवं हरि सिंह ने कहा कि आलू और सरसों की फसल पर ज्यादा बारिश का बुरा असर पड़ता है। खेतों में पानी भर गया तो पूरी फसल खराब हो सकती है। किसान जगदीश प्रसाद ने बताया कि मौसम रोज बदल रहा है। कभी धूप निकलती है तो कभी बादल आ जाते हैं। अगर ज्यादा बारिश हुई तो फसलों में बीमारी लग सकती है। ओमप्रकाश ने कहा कि खेती में खर्च बहुत बढ़ गया है। खाद और बीज महंगे हैं। किसान राजकुमार ने बताया कि हम भगवान से यही प्रार्थना कर रहे हैं कि मौसम ठीक रहे। देवेंद्र सिंह का कहना है कि किसान पूरी तरह मौसम पर निर्भर है।



### फसल होगी प्रभावित

गांव झुड़ावई के किसान राम भरोसी लाल ने शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी को फसलों के अनुकूल बताया है। उनका कहना है कि यदि तेज बूंदाबांदी हुई तो सरसों और आलू की फसल प्रभावित हो सकती है। तेज बयार चलने से गेहूं की फसल खेतों में गिर सकती है।

### तापमान / मौसम

23 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,61,700

22 कैरेट 1,48,764

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

3,35,000 प्रति किलो

### आपातकालीन सेवाएं

| | |
|---|---|
| 112 | -आपातकालीन सेवा |
| 1962 | - रेलवे हेल्पलाइन |
| 100 | - पुलिस |
| 108 | - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा) |
| 102 | - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा) |
| 101 | - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) |
| 1090 | - महिला हेल्पलाइन |
| 1091 | - महिला पुलिस सहायता |
| 1098 | - चाइल्ड हेल्पलाइन |
| 104 | - स्वास्थ्य सलाह सेवा |
| 1076 | - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन |
| 1033 | - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा |
| 1073 | - सड़क दुर्घटना आपात सहायता |

## बसंत पंचमी पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**यूनिक समय, मथुरा।** बसंत पंचमी पर स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर अध्यक्ष शिखा बंसल, सदस्य तुषार बंसल एवं संस्था के संस्थापक पियूष बंसल ने बताया कि सोसायटी के सदस्यों ने मंडी चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे क्रॉसिंग, मथुरा जंक्शन, कैंट, भूतेश्वर, कृष्णा नगर, भरतपुर गेट, धौलीप्याऊ सदर, बी.एस.ए. कॉलेज क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण किया।

## कल से चार दिन तक बैंक बंद रहेंगी

### शनिवार, रविवार, सोमवार छुट्टी, मंगलवार को हड़ताल

**यूनिक समय, मथुरा।** शादी का सीजन शुरू हो और बैंक बंद हो जाएं तो उस समय आम लोगों और व्यापारियों की स्थिति क्या होगी। अब कल से चार दिन के लिए बैंक बंद रहेंगी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जरनल सेकेटरी योगेंद्र भंण्डारी ने बताया कि शनिवार और रविवार को अवकाश है। सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी है। 27 जनवरी मंगलवार को हड़ताल के कारण बैंक बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। इसमें सप्ताह में 5 दिन को लेकर शनिवार और रविवार को अवकाश की मांग कर रहे है। इंडियन बैंक एसोशिएशन तो इसके लिए तैयार हो गई है। लेकिन सरकार अभी तक यह तैयार नहीं कर रही है, इसको लेकर हड़ताल होगी। ऐसे में 28 जनवरी को ही बैंक खुलेंगे। चार दिन तक बैंकों की छुट्टी होने के कारण आम लोग परेशान हो सकते हैं। वजह साफ है कि इस समय शादी का सीजन शुरू चुका है। सभी लोग खरीददारी में लगे हैं।

### घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग का मामला

## नौ दोषियों को जेल व जुर्माने की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र के ग्राम बरचावली में वर्ष 2011 में हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में अदालत ने नौ अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) ब्रिजेश कुमार की अदालत ने एक राय होकर फैसला सुनाया।

शासन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भगत सिंह आर्य ने बताया कि 20 जून 2011 को गिरधारी की पत्नी मीरा घर पर अकेली थीं। पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर आरोपियों ने घर में घुसकर हमला किया। इस दौरान केशव की बेटी पूनम के साथ मारपीट की गई, जिससे उसका पैर टूट गया। दहशत फैलाने के लिए अवैध हथियारों से फायरिंग भी की गई।

पीड़ित की शिकायत पर अदालत के आदेश से मुकदमा दर्ज हुआ। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नटवर और महेश को चार–चार वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना, जबकि अन्य सात अभियुक्तों को तीन–तीन वर्ष का कारावास और 15–15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने 84 खंभा मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



चौरासी खंभा मंदिर में सफाई करते एनएसएस स्वयंसेवक।

**यूनिक समय, महावन (मथुरा)।** श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय शिविर के अंतर्गत दूसरे दिन स्वच्छता एवं साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने ऐतिहासिक 84 खंबा मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता से संबंधित प्रेरक स्लोगनों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया तथा श्रमदान कर स्वच्छ वातावरण के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि स्वच्छता से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है और इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सेवा भाव विकसित करते हैं। एनएसएस प्रभारी श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि सप्तशती शिविर के अंतर्गत प्रतिदिन जनहित से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली है। एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते हैं। एनएसएस प्रभारी श्रीनिवास शर्मा, सह–प्रभारी एवं उपप्रधानाचार्य शिवकुमार निगम, प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ अध्यापक संजय वर्मा, स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ला, शिक्षक राकेश कुमार राही एवं रेड क्रॉस प्रभारी विश्वजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## राधारानी मानसरोवर पर लगा अव्यवस्थाओं का अंबार



मानसरोवर के निकट टूटे पड़े शौचालय की हालत।



शौचालय के अंदर सीट का नजारा।

### शौचालय के टूटे दरवाजे और व्याप्त गंदगी से श्रद्धालुओं की भावनाएं हुईं आहत

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट क्षेत्र के प्रसिद्ध राधारानी मानसरोवर मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने शौचालय की अव्यवस्थाओं और व्याप्त गंदगी व टूटे दरवाजे एवं दयनीय स्थिति को देखकर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यहां स्वच्छता के नाम पर कुछ नहीं है। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर जहां प्रत्येक पूर्णिमा को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीजी के दर्शन करने को उमड़ती है, उस जगह पर उनके लिए कोई सुविधा धरातल पर नहीं है। अलीगढ़ से आई महिला श्रद्धालु ने कहा कि बाथरूम में अत्यधिक गंदगी जमा है और उसके दरवाजे तक टूटे पड़े हुए हैं। ऐसे में यहां वाशरूम जाने के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं है। वहीं महिला श्रद्धालु ने स्थानीय प्रतिनिधि और जिम्मेदारों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई।

# बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे भाई की दुर्घटना में मौत

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बहन की शादी के कार्ड बांटने जाते भाई की बाइक को हाईवे पर किसी तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में भाई की मौत हो गई और दोस्त बुरी तरह से घायल हो गया। उधर, नौहझील बाजना रोड पर दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र स्थित भरतपुर गेट बाल्मीक बस्ती में रहने वाले अनुराग की बहन की शादी होने वाली है। बहन की शादी में अपने रिश्तेदारों और मिलने वाले लोगों को शादी का कार्ड बांटने के लिए अनुराग कल रात बाइक से अपने साथी विशाल के साथ आगरा के लिए जा रहा था। फरह क्षेत्र में अनुराग की बाइक को किसी रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए अनुराग की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनुराग के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना के बारे में अनुराग और विशाल के परिवारीजनों को भी इस दुखद हादसे की सूचना दी। विशाल का इलाज चल रहा है।

### बाइक से जाने के दौरान हुआ हादसा, साथी घायल

### पांच दिन पूर्व हुई दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

थाना नौहझील के गांव नौशेरपुर के रहने वाले रविकुमार को 19 जनवरी को नौहझील– बाजना मार्ग पर बाइक से जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था। घायल रविकुमार का केडी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वाटिका पर काम करने वाले का नही लगा पता

# संचालक के बेटे ने हत्या कर शव को फेंकना कबूला


थाने में हंगामे के दौरान विलाप करती परिवार की महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना पार इलाके की एक वाटिका में काम करने वाले व्यक्ति के छह दिन से लापता होने और पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से दुखी परिजनों ने ग्रामीणों के साथ थाने पर हंगामा किया। इस मामले में हिरासत में लिए युवक ने उसकी हत्या कर शव को यमुना में फेंक दिए जाना बताया है। इसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना महावन के गांव नगला लोका का रहने वाला

### ग्रामीण और परिवार के लोगों में फैल रहा है आक्रोश

रणवीर सिंह थाना यमुनापार स्थित उमा वाटिका में नौकरी करते थे। रणवीर सिंह काफी समय से वाटिका में नौकरी कर रहे थे। 18 जनवरी को वह घर से नौकरी के लिए गए। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिवार के लोगों ने वाटिका पर आकर उनके बारे में जानकारी की, लेकिन उन्हें कोई सही जवाब नहीं मिला। परेशान होकर परिवार के लोगों ने थाना यमुनापार में इस बारे में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई खास रुचि नहीं दिखाई। परिवार के लोग वाटिका संचालक के बेटे से रणवीर के बारे में पूछताछ करने की कह रहे थे। पुलिस ने इस मामले में कोई खास रुचि नहीं ली। परेशान होकर परिवार की महिलाओं सहित अन्य लोगों ने थाना यमुनापार पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिवार के लोग संचालक के बेटे और परिवार से रणवीर सिंह के बारे में पूछताछ करने की मांग कर रहे थे।

पुलिस ने सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पुलिस वाले भी सकते में आ गए।

बताया जा रहा है कि सोनू ने रणवीर सिंह की हत्या करने के बाद शव को बोरे में भरकर यमुना में फेंके जाने का इकबाल किया। पुलिस अब रणवीर सिंह के शव को तलाशने में जुटी है। परिवार के लोगों ने इस मामले में अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

# आवास ध्वस्तीकरण के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** संजय नगर क्षेत्र में प्रस्तावित आवास ध्वस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष यतेन्द्र मुकद्दम के नेतृत्व में हुए इस विरोध में लोगों ने प्रशासन पर बिना समुचित सुनवाई के नोटिस जारी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संजय नगर में वाल्मीकि व जाटव समाज के परिवार लगभग 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं, जिनमें अधिकांश गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं। कई मकान प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं से बने हैं और निवासी नियमित रूप से जलकर व गृहकर का भुगतान नगर निगम को करते आ रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि आगरा नहर के अधिशासी अभियंता द्वारा खसरा संख्या 291 में बने आवासों को अवैध बताते हुए सात दिन में हटाने का नोटिस दिया गया है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए मांग की कि पुनर्वास की ठोस व्यवस्था किए बिना ध्वस्तीकरण रोका जाए।

# जमीन के नाम पर दबंगों ने हड़पे 30 लाख रुपये

### कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**यूनिक समय, चौमुहां।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत गांव जैंत के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ जमीन का सौदा करने के नाम पर 30 लाख रुपये धोखा धड़ी कर लेने के बाद भी न तो जमीन का बैनामा किया और न उसके पैसे लौटाए। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने दबंग भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम जैंत निवासी करण प्रताप सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसने फरवरी 2025 में थाना जैंत क्षेत्र के गांव आझई खुर्द निवासी थान सिंह पुत्र यादराम और ओमप्रकाश पुत्र कोआ से जमीन का एक सौदा किया था। जमीन की कुल कीमत 2 करोड़ 32 लाख रुपये तय हुई थी, जिसके बदले पीड़ित ने 30 लाख रुपये (20 लाख नकद और 10 लाख बैंक के माध्यम से) बतौर बयाना दिए थे। समझौते के अनुसार, विक्रेता को प्रशासन से अनुमति लेनी थी और जमीन को 'आबादी' घोषित कराना था। बैनामा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2025 तय की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने बैनामा नहीं किया। अनुमति न मिलने की स्थिति में दो गुनी रकम वापस करने का वादा किया गया था, जिसे आरोपियों ने ठुकरा दिया। पीड़ित ने जमीन पर बाउंड्री वॉल बनवाने में भी करीब 3 लाख रुपये खर्च कर दिए हैं। पीड़ित करण प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी थान सिंह और ओमप्रकाश शातिर किस्म के व्यक्ति हैं। उन्होंने उक्त जमीन का सौदा किसी अन्य पार्टी के साथ भी कर दिया है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने पूर्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बृज चिकित्सा संस्थान का 49वां स्थापना दिवस

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ


बृज चिकित्सा संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर शिविर में दिव्यांगजनों के साथ अतिथि व पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बृज चिकित्सा संस्थान के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय मल्टी–सुपरस्पेशलिटी निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का भव्य शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रातः 9 बजे किया गया। शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा बल्लभ एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया गया। प्रथम दिवस पर विकलांग सहायता संस्था एवं श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल (रजि.) के सहयोग से दिव्यांगजनों को 3 ट्राइसाइकिल, 5 व्हीलचेयर एवं 10 जोड़ी बैसाखियां वितरित की गईं। शिविर में आर्टेमिस हॉस्पिटल गुरुग्राम, मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद एवं बृज चिकित्सा संस्थान के विशेषज्ञों ने हृदय, पेट, मस्तिष्क, श्वास, गुर्दा, मधुमेह, नवजात एवं बाल रोग संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही एनसीबी, पीएफटी एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की गई। लगभग 150 मरीजों ने पंजीकरण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से आयोजन सफल रहा।






# भक्ति, साधना और सांस्कृतिक रंगों संग मना बसंत पंचमी पर्व

## बसंत पर्व पर गायत्री तपोभूमि में धूमधाम से मना

**यूनिक समय, मथुरा।** बसंत पंचमी पर्व पर शुक्रवार को गायत्री तपोभूमि, स्थित युगऋषि सभागार पूरी तरह बसंती रंग में रंगा नजर आया। चारों ओर भक्ति, उल्लास और सुगंधित वातावरण ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरे परिसर में भजन–कीर्तन की मधुर ध्वनियां गूंजती रहीं, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सुबह से ही कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हो गई थी। विभिन्न कन्याओं द्वारा आरती, भजन, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव–विभोर कर दिया। भजनों की ताल पर कई भक्त झूमते नजर आए, वहीं कुछ श्रद्धालु ध्यानमग्न होकर साधना में लीन दिखे। युगऋषि सभागार को बसंत पर्व के अनुरूप सजाया गया था, जिसमें पीले और बसंती रंग की सजावट विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बसंत ऋतु के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बसंत ऋतु नवचेतना, नवसंकल्प और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह समय आत्मशुद्धि, साधना और सेवा भाव को जाग्रत करने का होता है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने बसंत पर्व को जीवन में नई उमंग और सद्भावना का संदेश देने वाला पर्व बताया। गायत्री मंत्र का जाप किया और विश्व शांति, समाज में सदभाव तथा मानव कल्याण की कामना की।



प्रस्तुति देते कलाकार।

## बसंत पंचमी पर सजा बाबा खाटू श्याम का दरबार

**यूनिक समय, वृंदावन।** गोपेश्वर रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया। संध्या दर्शन में श्री श्याम प्रभु के अलौकिक झांकी को श्रद्धालु निहारते रह गए। बड़ी संख्या में देर रात्रि तक श्रद्धालु मंदिर में आते रहे। सेवायत राजेश पारीक ने बताया कि बसंत पंचमी पर खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने से बड़ा संकट भी टल जाता है।


वृंदावन स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन की झांकी।


# शवयात्रा



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

**श्रीमती कमला सुनेजा जी**

पत्नी स्व. श्री राजकुमार सुनेजा का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 23.01.26 को हो गया है। अंतिम यात्रा दिनांक 24.01.26 को प्रातः 11 बजे से हमारे निज निवास श्री कृष्ण कुंज कालोनी, किसान भवन रोड डैम्पीयर नगर से पुराने श्मशान घाट ध्रुव घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**शोकाकुल परिवार**

सुनील सुनेजा, अनिल सुनेजा (पुत्रगण)
नरेन्द्र सुनेजा, कृष्ण कुमार सुनेजा (देवर)
मोहित सुनेजा, शुभम सुनेजा, वरदान सुनेजा (पौत्रगण)

Mob. 9837022670, 9797919292


## बसंत पंचमी पर ठाकुर जी को अर्पित किए गए छप्पन भोग


प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में छप्पन भोग की झांकी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में बसंत पटो उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान को भव्य छप्पन भोग अर्पित किए गए तथा सुंदर फूल बंगला सजाया गया। ठाकुर जी को रजत सिंहासन पर जगमोहन में विराजमान किया गया। इससे पूर्व सेवायत वैभव गोस्वामी एवं गिरिराज शरण गोस्वामी द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच जड़ी–बूटी युक्त पंचामृत से भगवान का अभिषेक किया गया तथा गुलाल अर्पित किया गया। मान्यता के अनुसार ब्रज में बसंत पंचमी से ही भगवान होली खेलना प्रारंभ कर देते हैं। यह बसंत उत्सव मंदिर में लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पुरानी परंपरा है।

मंदिर को बसंती रंगीन लाइटों से सजाया गया। प्रातःकाल से ही भक्तों को रेवड़ी, बेर एवं केसर–मेवा युक्त मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सहयोग व्यवस्था में बृजनंदन शर्मा, मुकट मणि शर्मा, दिलीप पांडे, सुरेश अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, योगेंद्र गोयल, पी पी शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा आदि लगे रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में एक दूजे के हुए 14 जोड़े


सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपत्ति।

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** जन कल्याण समिति के तत्वावधान में गोपालबाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 14 जोड़ो ने सामूहिक रूप से परिणय सूत्र में बंध कर एक दूसरे के गले मे वरमाला डालकर सात फेरे लिए। महिलाओं ने कन्यादान लिया। समिति ने घरेलू सामान के अलावा अलमारी, बैड, बर्तन आदि देकर वर वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान भूपेश अग्रवाल, अभिषेक पाराशर, अतुल गंगल, राहुल अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, पवन अग्रवाल, डॉ. शिवदत्त शर्मा, ब्रजमोहन वर्मा एवं सचिन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने मनाई नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती

**यूनिक समय, कोसीकलां।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद बोस की 130 वी जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन के नेतृत्व में भगवती रोड स्थित सुभाष चंद बोस पार्क पर पहुँच भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर भाजपा नेता कमलकिशोर वार्ष्णेय, युवा नेता दीपक बडगुजर, सोनू मंगला, विपिन त्यागी सहित पालिका कर्मचारियों ने नेताजी सुभाष चंद बोस का जयघोष किया।

## सुभाष चंद बोस की जयंती के साथ बसंत पंचमी मनाई


कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ पर प्रास्पेक्टस टीम के साथ प्रधानाचार्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज माधव कुंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, वीर हकीकत राय बलिदान दिवस और बसंत पंचमी का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के पूर्व छात्र सीएम शोभित अग्रवाल, गायत्री परिवार से आचार्य पंडित रवींद्र तिवारी, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, वाणिज्य प्रवक्ता विनय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ आचार्य महेश शर्मा आदि उपस्थित थे। बसंत पंचमी पर नए शिक्षा सत्र का भी शुभारंभ किया।

गणित विशेषज्ञ सीताराम बघेल ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ सुरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के संयोजक जीव विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र कुमार थे।

## मां शारदे की आराधना कर मांगा विद्या–बुद्धि का आशीर्वाद

### आर.के. ग्रुप के संस्थानों में श्रद्धाभाव से मनी बसंत पंचमी, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

**यूनिक समय, मथुरा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के शैक्षिक संस्थानों–राजीव इंटरनेशनल स्कूल, के.डी. मेडिकल कॉलेज, के.डी. डेंटल कॉलेज एवं जी.एल. बजाज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में श्रद्धा और उल्लास के साथ मां सरस्वती की पूजा–अर्चना की गई। शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं ने मां शारदे से विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद मांगा।

के.डी. मेडिकल कॉलेज में आचार्य करपात्री महाराज एवं आचार्य विकास मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर के.डी. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, कुलसचिव डॉ. विकास कुमार अग्रवाल, एचआर मैनेजर मनोज गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. लाहौरी ने कहा कि सरस्वती की आराधना से जीवन में सकारात्मकता आती है और वसंत पंचमी का महत्व केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए है। इसी अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। डॉ. लाहौरी ने नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आह्वान ने देशवासियों में साहस, आत्मविश्वास और राष्ट्रवाद की भावना जागृत की।


राजीव इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा करते छात्र–छात्राएं।

राजीव इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्या प्रिया मदान के नेतृत्व में पूजा–अर्चना की गई। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने वीणावादिनी का सस्वर पाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या ने कहा कि मां सरस्वती की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए, क्योंकि उनका वाहन हंस विवेक और जीवन प्रबंधन का संदेश देता है।

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल एवं के.डी. मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम, अनुशासन और पवित्र मन से विद्यार्जन का संदेश दिया।

## नव चैतन्य का महापर्व है बसंत पंचमी


प्राचीन श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में बसंत पंचमी पर्व मनाते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के प्राचीन श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में बसंत पंचमी का महोत्सव मां सरस्वती की छवि का पूजन कर मनाया। विद्वतजनों ने कहा कि नव चैतन्य का महापर्व है बसंत पंचमी है।

श्री दीर्घ विष्णु मंदिर के सेवायत महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी एवं संस्कृत भारती अध्यक्ष आचार्य ब्रजेंद्र नागर ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्री दीर्घ विष्णु मंदिर सेवा संस्थान के प्रवक्ता रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, सेवायत बालकृष्ण चतुर्वेदी, लालकृष्ण चतुर्वेदी, मनोज शर्मा, संजय सरदार, बंटू पांडे, मुल्का पांडेय, अधिराज चतुर्वेदी, संजय सेवक एवं सोनू आदि उपस्थित थे। संचालन सेवायत लालकृष्ण चतुर्वेदी ने किया।

# जीएलए ग्रेटर नोएडा कैंपस में दो दिवसीय वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन कल से

**यूनिक समय, नोएडा।** जीएलए विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में 24–25 जनवरी को पहले वैश्विक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट का एक महत्वपूर्ण प्री–इवेंट है। "इम्पैक्ट ऑफ एआई ऑन पीपल, प्लैनेट एंड प्रोग्रेस" पर आधारित यह दो दिवसीय सम्मेलन शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और एआई नवप्रवर्तकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इसके बाद यह कार्यक्रम इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में समापन करेगा, जिसका आयोजन 19–20 फरवरी को भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। शिखर सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए जीएलए विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के प्रतिकुलपति प्रो. दिवाकर भारद्वाज ने कहा कि



प्रो. दिवाकर भारद्वाज   डॉ. जितेंद्र मोहन भारद्वाज

यह आयोजन जिम्मेदार और सेफ एंड ट्रस्टेड एआई नवाचार में भारत की अग्रणी भूमिका को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के सहयोग और अग्रणी संस्थानों की भागीदारी से यह सम्मेलन नीतिगत और व्यावहारिक समाधानों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक शिखर सम्मेलन से जीएलए ग्रेटर नोएडा के छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय

### भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एआई इम्पैक्ट समिट का प्री–इवेंट

विशेषज्ञों से संवाद, नवीनतम एआई तकनीकों की समझ और उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। हैकाथॉन और प्रोजेक्ट पिचिंग के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन, शोध, इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उद्घाटन समारोह में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी डॉ. जितेंद्र मोहन भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जीएलए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं एसीपी, गौतम बुद्ध नगर हेमंत उपाध्याय, सॉल्यूशन इंजीनियर अनमोल कृष्णा सचदेवा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक सुरेंद्र सिंह शामिल रहेंगे। सम्मेलन में अमेरिका और भारत के विशेषज्ञों की चार पैनल चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। सेफ एंड ट्रस्टेड एआई पैनल में ईवाई के ललित कालरा, आईडेक्स (रक्षा मंत्रालय) के डॉ. दयानंद, तथा डेटा सुरक्षा परिषद भारत के निदेशक अतुल कुमार शामिल होंगे। एआई फॉर सोशल गुड पैनल में ईवाई के प्रतीक गुलाटी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के प्रो. विक्रम गोयल, डॉ. सत्यम अरोड़ा, तथा जीएलए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र विवेक भाटी भाग लेंगे। डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज पैनल में विलियम जेसप विश्वविद्यालय की कमला मारेपल्ली, चब, न्यू जर्सी (अमेरिका) की डेटा सॉल्यूशन इंजीनियर भूमिका शाह, टेक्सास विश्वविद्यालय, आर्लिंगटन के डॉ. राघव वाधेरा, तथा वसंत अब्बादासरी राव शामिल होंगे। ह्यूमन कैपिटल पैनल में ग्लोबल लॉजिक के प्रणय गोस्वामी, मेटा कनेक्ट कंसल्टिंग की डॉ. अपराजिता प्रसाद, भारत सरकार के निदेशक (साइबर सुरक्षा एवं फोरेंसिक) डॉ. आशीष करन, तथा नीति आयोग के संजीव गुप्ता एआई प्रतिभा विकास पर चर्चा करेंगे। शिखर सम्मेलन के अंतर्गत 24 घंटे का एआई हैकाथॉन और एआई आधारित प्रोजेक्ट पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हैकाथॉन के लिए 1,042 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 89 टीमों का चयन किया गया है। कुल 310 प्रतिभागी भाग लेंगे। समापन सत्र में हैकाथॉन, प्रोजेक्ट पिचिंग और सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा, जहां इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में समापन भाषण देंगे।

### मतदाता सूची सुधार का महाअभियान

# 1.67 लाख मतदाताओं की सुनवाई करेंगे 151 अफसर

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 151 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन अधिकारियों द्वारा मैपिंग, मिलान और लिंकिंग से वंचित रह गए मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में ऐसे लगभग 1 लाख 67 हजार मतदाता हैं, जिनकी मैपिंग या लिंकिंग पूरी नहीं हो सकी थी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में इन सभी मतदाताओं को सुनवाई का अवसर देने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। बीएलओ से प्राप्त नोटिस के अनुसार

### नो–मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई शुरू

अपने अभिलेखों के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर अपना नाम मतदाता सूची तैयार करे। यदि किसी मतदाता को अब तक नोटिस नहीं मिला है, वो अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर नोटिस प्राप्त कर लें।

तहसीलवार सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील छाता में 27, मांट में 16, गोवर्धन में 20, सदर मथुरा में 69 तथा बल्देव में 19 अधिकारी तैनात किए गए हैं। तहसील छाता में तहसील सभागार में 9, खंड विकास अधिकारी नंदगांव कार्यालय में 5, खंड विकास अधिकारी चौमुंहा कार्यालय में 5 तथा नगर पंचायत परिषद कोसीकलां कार्यालय में 8 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील मांट में तहसील सभागार में 3, खंड विकास अधिकारी नौहझील कार्यालय में 7 और खंड विकास अधिकारी मांट कार्यालय में 6 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। तहसील गोवर्धन में तहसील सभागार में 7, खंड विकास अधिकारी गोवर्धन कार्यालय में 5, जिला प्रशिक्षण संस्थान डायट बाद में 5 तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज जैंत में 3 अधिकारी लगाए गए हैं। तहसील सदर में तहसील सभागार में 21, सिटी जोनल कार्यालय जनरल गंज में 15, खंड विकास अधिकारी मथुरा कार्यालय में 2, जोनल कार्यालय भूतेश्वर में 14, जोनल कार्यालय वृंदावन में 6, जोनल कार्यालय औरंगाबाद में 7 तथा लक्ष्मण शहीद स्मारक वृंदावन में 4 अधिकारी तैनात हैं। तहसील महावन में तहसील सभागार में 6, खंड विकास अधिकारी राया कार्यालय में 5, खंड विकास अधिकारी फरह कार्यालय में 4 तथा खंड विकास अधिकारी बल्देव कार्यालय में 4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लगाए गए हैं। तहसील सदर के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, जबकि अन्य तहसीलों के लिए संबंधित अपर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट और दूसरी अपील प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की जा सकेगी। अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 6 मार्च 2026 को किया जाएगा। सूची में सुधार के लिए आयोग द्वारा फॉर्म 6, 7 और 8 का उपयोग किया जाएगा।

## बसंत पंचमी पर द्वारकाधीश मंदिर में खीर प्रसादी का भंडारा



खीर प्रसादी का वितरण करते श्री द्वारकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मंडल के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री द्वारकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मंडल ने बसंत पंचमी पर द्वारकाधीश मंदिर में खीर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया। प्रसादी सुबह मंगला दर्शन से लेकर राजभोग दर्शन तक वितरण किया। इस मौके पर सौरभ वर्मा, एडवोकेट भूपेंद्र गौतम, दीपक अग्रवाल दालवाले, महेश खंडेलवाल, लवकेश गोला, डॉ मीनाक्षी सिंह, संजू गुप्ता जी, उमेश भदौरिया, मीडिया प्रभारी संदीप अग्रवाल आदि ने पूरे मन के साथ सेवा की।

## प्रभु श्रीराम के मंदिर का द्वितीय प्रतिष्ठा पर्व मनाया



गोपाल मंदिर में अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीराम की द्वितीय प्रतिष्ठा पर्व मनाते मनाते भक्त।

**यूनिक समय, मथुरा।** गोपाल मंदिर स्थित नारायण दास ट्रस्ट धर्मशाला में अखिल भारतीय हिन्दू महासभा, स्वाभिमान एक प्रयास, कुसुमनता मेमोरियल वैष्णव फेस्टिवल ट्रस्ट, विश्व हिंदू महासंघ एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के द्वितीय प्रतिष्ठा प्रभु पर्व का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर बृषभान गोस्वामी, संजय हरियाणा, अजय शर्मा लाला, श्याम शर्मा, अशोक शर्मा सरपंच, नंदकिशोर शर्मा, संतोष शर्मा, अनीता हरियाणा एवं उषा सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## कमियां मिलने पर अधिकारी होंगे स्वयं जिम्मेदार:

**यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मांट व बिजौली क्षेत्र में मतदाताओं को जारी किए गए नोटिसों की जांच को लेकर तहसील प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। मतदाता सूची में पाई गई खामियों को दूर करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। एसआईआर के तहत विलुप्त, स्थानांतरित मतदाताओं तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के फॉर्म भरवाने और उनकी गहन जांच का कार्य तेजी से चल रहा है। नोटिसों का जवाब देने के लिए बूथों और तहसील परिसर पर दिनभर मतदाताओं की भीड़ लगी रही। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही एवं तहसीलदार ब्रजेश कुमार सिंह ने स्वयं कई स्थलों का निरीक्षण कर वहां हो रहे कार्य की समीक्षा की। एसडीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कहीं कोई लापरवाही मिली तो इसके लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बीएलओ को भी

### मांट व बिजौली में एसआईआर में मतदाताओं की सघन जांच

### अच्छा काम करने वाले बीएलओ की प्रशंसा भी की गई

आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई बीएलओ की एसडीएम ने मौके पर ही प्रशंसा की। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। तहसीलदार ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में मतदाताओं से फॉर्म जमा कराए गए थे, जिनमें कुछ फॉर्मों में त्रुटियां एवं मतदाता विवरण संबंधी खामियां पाई गईं। इन्हीं कमियों को दूर कराने के लिए टीम के माध्यम से मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। सुधार कर फॉर्म जमा कराने का यह अभियान 15 फरवरी तक जारी रहेगा।

## बलदेव पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



हवन करते विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक सिकरवार, प्रधानाचार्या डॉ. अनीता सी. सिकरवार व अन्य।

**यूनिक समय, बलदेव।** बलदेव पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे–मुन्ने विद्यार्थी बसंती एवं पीले परिधानों में सुसज्जित होकर विद्यालय पहुंचे, जिससे पूरा परिसर बसंतमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक सिकरवार एवं प्रधानाचार्या डॉ. अनीता सी. सिकरवार द्वारा आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा के मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष हवन–पूजन से किया गया। इसके पश्चात समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने हवन–वेदिका में आहुतियां अर्पित कीं। हवन के उपरांत सरस्वती वंदना, कीर्तन एवं आरती का आयोजन किया गया। आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्या, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती का पर्व बताया।

निदेशक डॉ. अशोक सिकरवार ने विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मकता अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डॉ. अनीता सी. सिकरवार ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अंत में मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया गया।

## नेताजी सुभाष चंद बोस क्रांतिकारी थे




नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर नमन करते श्री भीमसेन सैनी स्मृति सेवा समिति के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री भीमसेन सैनी स्मृति सेवा समिति के बैनर तले बाढ़ पुरा स्थित समिति कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने नेताजी सुभाष चंद्र के क्रांतिकारी जीवन पर प्रकाश डाला। समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी ने नेताजी को नमन करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आशीष सैनी, ध्रुव भारती, शानवी सैनी एवं आयांश आदि उपस्थित थे।

### रोजर शू फैक्ट्री चोरी कांड का खुलासा

# तीन आरोपी गिरफ्तार करोड़ों की संपत्ति बरामद

**यूनिक समय, आगरा।** हाईवे स्थित रोजर शू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुई करोड़ों की चोरी का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने फैक्ट्री के ही कर्मचारी समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर करीब 7.70 करोड़ रुपये मूल्य का सोना, हीरे, चांदी और नकदी बरामद किया। यह बरामदगी आगरा पुलिस के इतिहास में सबसे बड़ी मानी जा रही है।

19 जनवरी 2026 को फैक्ट्री मालिक दीपक बुद्धिराजा ने थाना सिकंदरा में सूचना दी थी कि पहली मंजिल का गेट और अलमारियों के ताले टूटे हुए हैं, और लॉकर से नकदी व कीमती जेवरात गायब हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देश में थाना सिकंदरा, सर्विलांस, साइबर सेल और एसओजी की संयुक्त टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 22–23 जनवरी की रात गोल चाक्कर चौराहे के पास तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य अभियुक्त अनुपम शर्मा, फैक्ट्री का कंप्यूटर ऑपरेटर, चोरी की साजिश का मास्टरमाइंड था। उसने अपने भाई अनुराग शर्मा और दोस्त संजय सिंह के साथ मिलकर छुट्टी वाले दिन पहली मंजिल का शीशा तोड़कर लॉकर से नकदी और जेवर बैग में भर लिए। चोरी के बाद माल जंगल में छिपा दिया गया था, जहां से पुलिस ने गिरफ्तार करते समय बरामद किया। पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई में शामिल टीम को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। उन्होंने टीम की सतर्कता, रणनीति और तेज कार्रवाई की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की त्वरित कार्रवाई से जनता का पुलिस पर विश्वास मजबूत होता है। इस मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि चोरी के इस नेटवर्क में और कौन शामिल हो सकता है। यह खुलासा पुलिस की सटीक योजना और टीमवर्क का उदाहरण है, जिसने करोड़ों की संपत्ति को वापस सुरक्षित किया।


करोड़ों की चोरी का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

## गायत्री मंत्र जन–जन की चेतना राष्ट्र परिवर्तन की शक्ति : शाह



**यूनिक समय, आगरा/हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि गायत्री महामंत्र केवल वैदिक मंत्र नहीं, बल्कि जन–जन की चेतना को जागृत करने और राष्ट्र परिवर्तन की सशक्त शक्ति है। उन्होंने कहा कि पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से मानवता को सेवा और कल्याण का मार्ग दिखाया। अमित शाह अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड और विशेषकर शांतिकुंज की भूमि तप–साधना की ऊर्जा से परिपूर्ण है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री महामंत्र को जन–जन तक पहुंचाकर वैश्विक मानवतावाद और वैज्ञानिक अध्यात्मवाद को सुदृढ़ किया। "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" का संदेश ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गायत्री परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो विश्वभर में संस्कार और सद्भाव फैला रहा है। समारोह का शुभारंभ कनखल स्थित बैरागी कैंप में हुआ, जहां राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने अखंड ज्योति को भारत की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बताया।

## वसंत पंचमी पर डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल में गूंजा राष्ट्रप्रेम




**आगरा।** वसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य, गीत और नाट्य मंचन के माध्यम से वसंत पंचमी का महत्व और नेताजी के जीवन संघर्ष, साहस व राष्ट्रभक्ति को प्रस्तुत किया। विद्यालय अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने नेताजी के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या राखी जैन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम राष्ट्रप्रेम और संस्कारों की भावना के साथ संपन्न हुआ।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भाजपा ने किया माल्यार्पण



**यूनिक समय, टूंडला।** स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भाजपा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि नेताजी का नारा "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" देश को एकजुट करने वाला था। भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने उनके साहस, निडरता और बलिदान की सराहना की। कार्यक्रम में टूंडला चेयरमैन चौधरी भंवर सिंह, चेतन बिहारी सक्सेना, शिव शंकर शर्मा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार 225 किलो माल बरामद

**यूनिक समय, आगरा।** कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा दीपक कुमार (आईपीएस) के निर्देश में थाना नाई की मंडी पुलिस, साइबर सर्विलांस और काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 225.360 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.15 करोड़ रुपये है। इसके अलावा एक टाटा कैंटर, तीन मोबाइल फोन और 600 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा कैंटर में भारी मात्रा में गांजा लाया जा रहा है। तहसील सदर के पास वाहन को रोकने पर अभियुक्त महेश और दिलीप कुमार भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वाहन में नारियलों के नीचे गांजा छिपाया गया था। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि यह साजिश एटा के सकरौली निवासी दिनेश कुमार के लालच में हुई थी, जो इस तस्करी का मुख्य सरगना है। पुलिस अब दिनेश कुमार की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के इस नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सख्त और सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

### गणतंत्र दिवस परेड की विशेष रिहर्सल

## पुलिस लाइन में एसएसपी सौरभ दीक्षित ने ली परेड की सलामी

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन और एकरूपता की बारीकी से जांच की गई। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया और दौड़ तथा शारीरिक प्रशिक्षण की विशेष कवायद कराई। उन्होंने कहा कि अनुशासन, फिटनेस और सतर्कता पुलिस बल की सबसे बड़ी ताकत हैं, जिनके बल पर कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।

परेड के दौरान आगामी गणतंत्र दिवस परेड की विशेष रिहर्सल भी कराई गई। एसएसपी ने परेड की बारीकियों को देखते हुए अधिकारियों को सुधारात्मक निर्देश दिए और इसे और अधिक प्रभावी, अनुशासित और संगठित बनाने पर जोर दिया। परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आरटीसी बैरक, भोजनालय, परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, आर्म्स वर्कशॉप, स्टोर, डीएफएमडी कक्ष, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, क्वार्टर गार्ड और कैश कार्यालय शामिल थे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी/क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में पुलिस लाइन में अनुशासन, उत्साह और एकजुटता का माहौल देखा गया।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए जनता की सुरक्षा और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।




## सुभाष पार्क में बोटिंग सुविधा का शुभारंभ

**यूनिक समय, आगरा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एमजी रोड स्थित सुभाष पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमएलसी विजय शिवहरे और भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्क में बोटिंग सुविधा का औपचारिक शुभारंभ किया।

उन्होंने पार्क में सौंदर्यीकरण, सुदृढ़ीकरण और लैंडस्केपिंग कार्यों का निरीक्षण किया। विजय शिवहरे ने बताया कि सुभाष पार्क और सुभाष कॉलोनी का जीर्णोद्धार किया गया है। पार्क में हरियाली, आकर्षक पथ, कलात्मक संरचनाएं और शांत वातावरण लोगों को प्राकृतिक अनुभव और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेंगे। बोटिंग सुविधा न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण बनेगी, बल्कि स्थानीय नागरिक भी इसका आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग स्वास्थ्य और प्रकृति से जुड़ाव के प्रति जागरूक हो रहे हैं। सुभाष पार्क शहरवासियों के लिए एक बेहतर और उपयोगी स्थान बन गया है, जहां लोग नियमित समय निकालकर शांति और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 की समीक्षा

## डीएम ने नगर निगम कार्यालय का किया निरीक्षण


नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम सीपी सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सिटी जोनल कार्यालय जनरल गंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इनके द्वारा मतदाताओं की मैपिंग, मिलान एवं लिंकिंग के कार्यों में छूटे हुए मतदाताओं को नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई कराई जा रही है। नगर निगम कार्यालय जनरल गंज में विभिन्न अधिकारियों को अलग–अलग मतदेय स्थलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, डिप्टी कलेक्टर, खंड विकास अधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त एवं जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा निर्धारित मतदेय स्थलों के मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ऐसे सभी मतदाताओं को सुनवाई का अवसर देने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। वो मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे नए नामांकन के लिए फॉर्म–6, नाम विलोपन के लिए फॉर्म–7 तथा सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म–8 भरकर जमा कर सकते हैं।

## सुविचार



छोटी–छोटी अच्छी आदतें ही जीवन को बड़ा और सफल बनाती हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 01:46-12:40 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 02:32-02:15 तक | माह | माघ |
| सूर्योदय | | 7:13 AM | चन्द्रोदय | 10:21 AM |
| सूर्यास्त | | 5:47 PM | चंद्रास्त | 11:16 PM |
| सूर्य राशि | | मकर राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 12:09PM -12:51 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:34-06:22 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 09:52AM-11:11AM | वार | शनिवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# छोटी–छोटी गलतियां रोक सकती हैं आपकी दुकान की तरक्की !



**यूनिक समय, मथुरा।** दुकान चलाना सिर्फ व्यवसाय नहीं बल्कि जीवन में सफलता और स्थिरता पाने का जरिया भी है। हर दुकानदार चाहता है कि उसकी दुकान में ग्राहक आए, बिक्री बढ़े और आय में बरकत हो। लेकिन सिर्फ मेहनत और लगन ही काफी नहीं होती। दुकान का वास्तु भी व्यवसाय की तरक्की में अहम भूमिका निभाता है।

**दिशा और प्रवेश द्वारः** वास्तु के अनुसार, मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में होने वाली दुकानें सबसे लाभकारी मानी जाती हैं। ऐसी दुकानों में ग्राहक अधिक आते हैं और आय बढ़ती है। दक्षिण दिशा की दुकानें कम लाभकारी मानी जाती हैं, लेकिन भाग्य मजबूत होने पर यहां भी अच्छी कमाई संभव है।

**काउंटर की स्थिति और बैठने का तरीकाः** दुकानदार और कर्मचारी का मुंह हमेशा उत्तर या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। अगर काउंटर पर बैठते समय मुंह पश्चिम या दक्षिण की ओर हो, तो परेशानियां बढ़ सकती हैं। सही दिशा में बैठना व्यवसाय में सकारात्मक ऊर्जा और मनोबल बढ़ाने में मदद करता है।

**दुकान का आकार और सफाईः** दुकान का आगे से बड़े और पीछे से छोटे आकार का होना शुभ माना जाता है। वर्गाकार या सभी दिशाओं में समान चौड़ाई वाली दुकानों में आमदनी बढ़ती है। इसके साथ ही सफाई और फर्श की स्वच्छता जरूरी है। कचरा कभी भी अन्य दुकानों के सामने या चौराहे पर न रखें। **पूजा और सजावटः** काउंटर के उत्तर–पूर्व दिशा में माता लक्ष्मी और श्री गणेश की मूर्तियां रखें। दीवारों पर शुभ लाभ और स्वास्तिक चिन्ह लगाएं। रोज सुबह–शाम पूजा करें और दिया या अगरबत्ती हमेशा देवताओं के सामने जलाएं।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**रंग और वातावरणः** रंगों का चयन व्यवसाय में धन लाभ और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है। **उत्तर-पूर्वः** हल्का नीला, हल्का ग्रे, हरा। **दक्षिण–पूर्वः** लाल, पिंक, ऑरेंज, वायलेट । **उत्तर–पश्चिमः** सिल्वर, सफेद या हल्के मेटालिक शेड।

छोटी–छोटी वास्तु गलतियां आपके व्यवसाय की तरक्की में बाधा डाल सकती हैं।

सही दिशा, काउंटर की स्थिति, सफाई, पूजा–सज्जा और रंग–सज्जा अपनाकर आप अपनी दुकान में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 29 जनवरी, दिन बृहस्पतिवारः जया एकादशी
- 30 जनवरी, दिन शुक्रवारः शुक्र प्रदोष व्रत
- 1 फरवरी, दिन रविवारः माघ पूर्णिमा
- 5 फरवरी, दिन बृहस्पतिवारः द्विजप्रिय संकष्टी
- 13 फरवरी, दिन शुक्रवारः विजया एकादशी
- 14 फरवरी, दिन शनिवारः शनि प्रदोष व्रत
- 15 फरवरी, दिन रविवारः महाशिवरात्रि या फाल्गुन मासिक शिवरात्रि
- 17 फरवरी, दिन मंगलवारः दर्श अमावस्या, फाल्गुन अमावस्या, पहली भौमवती अमावस्या
- 21 फरवरी, दिन शनिवारः ढुण्ढिराज चतुर्थी
- 27 फरवरी, दिन शुक्रवारः आमलकी एकादशी

## कल का राशिफल

कल का दिन आपके लिए नई उम्मीदें और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। ग्रहों की स्थिति के अनुसार, हर राशि के जातकों के लिए जीवन के विभिन्न पहलू–प्यार, करियर, स्वास्थ्य और धन–में खास संदेश हैं। आइए जानें आज का राशिफल विस्तार से।

**मेष राशिः** जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके लिए बातचीत करते रहना जरूरी है। किसी भी पेंडिंग मुद्दे को ईमानदारी के साथ हैंडल करें। कल बंधन को मजबूत करने और अपने साथी के करीब आने का एक अच्छा समय है।

**वृषभ राशिः** कल नए अनुभवों और अवसरों के लिए खुले रहें। आपका प्रेम जीवन रोमांचक मोड़ ले सकता है। अगर आप सिंगल हैं, तो कोई नई मुलाकात महत्वपूर्ण कनेक्शन में बदल सकती है। अपनी भावनाओं को समझें और प्रोसेस पर भरोसा रखें।

**मिथुन राशिः** कल का दिन रोमांस के लिए शुभ रहेगा। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन में दूरी कम करने का मौका मिलेगा। हरी सब्जियों को अपने डाइट में शामिल करें और तनाव को बढ़ावा न दें।

**कर्क राशिः** कल का दिन बिजी रहेगा। स्टूडेंट्स किसी असाइनमेंट या प्रोजेक्ट में व्यस्त रहेंगे। अपने प्रेम जीवन और व्यक्तिगत संबंधों पर ध्यान देना जरूरी है।

**सिंह राशिः** कल सोच–समझकर हर चुनाव करें। यह आपकी वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और भविष्य में सुरक्षित निर्णय लेने में मदद करेगा।

**कन्या राशिः** दिन खुशनुमा रहेगा। कुछ जातक अपने पार्टनर के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। करियर में ऑफिस पॉलिटिक्स से बचें और नियमित एक्सरसाइज करें।

**तुला राशिः** सभी टास्क समय पर पूरे करें। यह बॉस की नाराजगी से बचाएगा। पैसों के मामले में दिन शुभ है, लेकिन काम का प्रेशर कम रखें।

**वृश्चिक राशिः** दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। सिंगल जातकों को ऑफिस या क्लास में नया क्रश मिल सकता है। धन का समझदारी से प्रबंधन करें और स्ट्रेस कम लें।

**धनु राशिः** कल आप अपने गोल्स के करीब पहुँच रहे हैं। मुसीबतों का सामना अपने आत्मविश्वास से करें और शरीर की जरूरतों पर ध्यान दें।

**मकर राशिः** जीवन के विभिन्न पहलुओं में अप्रत्याशित बदलाव हो सकते हैं–प्यार, करियर, पैसा या स्वास्थ्य। इन बदलावों को खुले दिल और दिमाग से अपनाएं।

**कुंभ राशिः** दिन सामान्य रहेगा। काम के सिलसिले में भागदौड़ बढ़ सकती है। स्वास्थ्य पर निगरानी रखें और परिवार के बुजुर्गों का ख्याल रखें। रोजाना योग करें और जंक फूड से दूरी बनाए रखें।

**मीन राशिः** कल का दिन बदलावों से भरा रहेगा। लव रिलेशन में साथी के साथ अनबन से बचें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताएं।

### सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर

# ब्रह्मंगारु की भविष्यवाणी सच होती दिख रही

**यूनिक समय, मथुरा।** सोने की कीमतें लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही हैं और आम लोगों की चिंता बढ़ रही है। ऋषि ब्रह्मंगारु की सोने से जुड़ी भविष्यवाणी फिर चर्चा में है।

सोना हमेशा से भारतीय समाज में सिर्फ धातु नहीं, बल्कि आस्था, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी माना गया है। शादी–ब्याह, त्योहार या मुश्किल वक्त–सोना हर दौर में भरोसेमंद सहारा रहा है। लेकिन हालिया रिकॉर्ड तोड़ कीमतों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

**भविष्यवाणी का सचः** ब्राह्मण ऋषि ब्रह्मंगारु ने कहा था कि एक समय आएगा जब सोना इतना महंगा होगा कि आम आदमी इसे खरीदने में असमर्थ होगा। महिलाएं सोने की ताली की जगह लकड़ी या सस्ते विकल्प अपनाने पर मजबूर होंगी।

आज की स्थिति को देखें तो यह कल्पना डरावनी



सच्चाई में बदलती नजर आ रही है। सोना निवेश का सबसे महंगा विकल्प बन चुका है। मध्यम वर्ग के लिए शादी में सोने के गहने बनवाना भी भारी बोझ बन गया है। लोग डिज़ाइन सिंपल कर रहे हैं या वजन कम करवा रहे हैं।


**कीमतों में रिकॉर्ड तोड़ उछालः** पिछले एक साल से गोल्ड रेट लगातार ऊपर बढ़ रहा है। 21 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 1,57,000 रुपये पार कर गई। वहीं 22 कैरेट गहनों वाला सोना 1,40,000 रुपये के आसपास बिक रहा है।

बढ़ोतरी सिर्फ घरेलू नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता, महंगाई और निवेशकों का सोने की ओर झुकाव इसके प्रमुख कारण हैं।

**मंगलसूत्र और परंपराः** भारतीय समाज में मंगलसूत्र केवल गहना नहीं, बल्कि शादी और सुहाग की पहचान है। बढ़ती कीमतों के कारण कुछ परिवार हल्की ताली, आर्टिफ़िशियल गोल्ड या अन्य विकल्पों की तरफ देख रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में गोल्ड रेट में बड़ी गिरावट की संभावना कम है। परंपराएं पूरी तरह खत्म नहीं होंगी, लेकिन उनका रूप बदल सकता है, भावनात्मक महत्व कायम रहेगा।

# शतभिषा नक्षत्र में जन्मे लोग होते हैं बाहर से मजबूत, भीतर से बेहद भावुक



**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जन्म नक्षत्र व्यक्ति के स्वभाव, सोच और जीवन की दिशा को गहराई से प्रभावित करता है। 27 नक्षत्रों में से एक शतभिषा नक्षत्र को सबसे रहस्यमयी और संवेदनशील नक्षत्रों में गिना जाता है। इस नक्षत्र में जन्मे लोग देखने में भले ही शांत, आत्मविश्वासी और मजबूत प्रतीत हों, लेकिन भीतर से वे अत्यंत भावुक और संवेदनशील होते हैं।

शतभिषा नक्षत्र का स्वामी छाया ग्रह राहु माना जाता है, जबकि यह नक्षत्र कुंभ राशि में स्थित होने के कारण शनि का प्रभाव भी इसमें स्पष्ट दिखाई देता है। राहु का असर इन्हें गहराई से सोचने वाला और कभी–कभी असमंजस में रहने वाला बनाता है, वहीं शनि इन्हें मेहनती, अनुशासित और जिम्मेदार स्वभाव प्रदान करता है। यही कारण है कि शतभिषा नक्षत्र में जन्मे लोगों को जीवन में सफलता देर से मिलती है, लेकिन जब मिलती है तो स्थायी होती है। इस नक्षत्र के देवता वरुण माने जाते हैं, जो सत्य और जल के प्रतीक हैं। इसी कारण इन जातकों में ईमानदारी, सच्चाई और दूसरों की मदद करने की भावना प्रबल होती है। ये लोग किसी पर जल्दी भरोसा नहीं करते, लेकिन एक बार भरोसा कर लें तो रिश्तों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं। इनके दोस्त कम होते हैं, परंतु संबंध लंबे समय तक चलते हैं। करियर की बात करें तो शुरुआत में इन्हें संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन चिकित्सा, शिक्षा, शोध, मनोविज्ञान, ज्योतिष और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में ये अच्छा नाम कमा सकते हैं। इनकी विश्लेषण क्षमता और गहन सोच इन्हें दूसरों से अलग बनाती है। पारिवारिक जीवन में ये मां के अधिक करीब होते हैं। वैवाहिक जीवन में संवाद की कमी कभी–कभी तनाव का कारण बन सकती है, लेकिन यदि भावनाएं खुलकर व्यक्त की जाएं तो रिश्ते मजबूत बने रहते हैं। कुल मिलाकर, शतभिषा नक्षत्र में जन्मे लोग संवेदनशीलता और मजबूती का अनोखा संतुलन होते हैं, जो संघर्ष के बाद सफलता की मिसाल बनते हैं।

## सम्पादकीय

# जब 'कृपया' और 'धन्यवाद' खो जाएं, तो समाज क्या पाएगा?

किसी समाज की पहचान केवल उसकी आर्थिक प्रगति, तकनीकी दक्षता या शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि उसकी भाषा, व्यवहार और आपसी संवाद से भी होती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के दस हजार छात्र–छात्राओं पर किए गए एक अध्ययन ने एक चौंकाने वाली सच्चाई सामने रखी है। बच्चे गणितीय कौशल, तार्किक क्षमता और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी भाषा से शिष्टाचार, विनम्रता और सम्मान के शब्द लगभग गायब होते जा रहे हैं। 'थैंक यू', 'सॉरी', 'प्लीज' जैसे सरल लेकिन महत्वपूर्ण शब्द अब बोझ की तरह महसूस किए जाने लगे हैं। यह केवल शिक्षा व्यवस्था की चिंता नहीं है, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती; वह हमारे संस्कारों, संवेदनाओं और संबंधों का आईना होती है। जब भाषा से विनम्रता हटती है, तो संवाद कठोर होते हैं और रिश्तों में दूरी पनपने लगती है। आज का युवा जिस सामाजिक वातावरण में पल रहा है, वहां तेज़ी, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित सोच को प्राथमिकता मिल रही है। ऐसे में शिष्टाचार को पुरातन या अनावश्यक मान लिया गया है। विकासात्मक मनोविज्ञान बताता है कि बच्चों में सम्मान और संवेदना जन्म से नहीं होती, बल्कि अनुभवों से विकसित होती है। बच्चे वही भाषा सीखते हैं, जो वे रोज़ सुनते हैं। यदि घर, विद्यालय और समाज में संवाद आदेशात्मक, उपेक्षापूर्ण या कठोर होगा, तो बच्चों से कोमल भाषा की अपेक्षा करना स्वयं में विरोधाभास है। जब माता–पिता और शिक्षक स्वयं 'जी', 'कृपया' और 'धन्यवाद' का प्रयोग नहीं करते, तो बच्चे इन्हें महत्वहीन मानने लगते हैं। भाषा–विज्ञान के शोध यह भी स्पष्ट करते हैं कि सम्मानजनक संवाद केवल सामाजिक सौजन्य नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास का आधार है। संवेदनशील भाषा बच्चों में आत्मविश्वास, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करती है। इसके विपरीत कठोर भाषा उन्हें असंवेदनशील और आक्रामक बना सकती है। यह प्रवृत्ति धीरे–धीरे समाज को ऐसे मोड़ पर ले जाती है, जहां असभ्यता सामान्य व्यवहार बन जाती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम शब्दों की शक्ति को पुनः पहचानें। तकनीक, ज्ञान और दक्षता के साथ यदि संवेदना नहीं जुड़ी, तो समाज भीतर से खोखला हो जाएगा। विनम्र भाषा कोई कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक मजबूती का प्रतीक है। यदि हमें संवादशील, भरोसेमंद और मानवीय समाज चाहिए, तो इसकी शुरुआत घर और विद्यालय से करनी होगी–जहां शब्दों के जरिए सम्मान सिखाया जाए। क्योंकि यदि समाज में विनम्र भाषा का लोप होगा, तो संवाद केवल कठोर ही नहीं होंगे, वे हमें एक–दूसरे से दूर भी कर देंगे। और शब्दों से बनी यह दूरी, किसी भी विकास से कहीं अधिक खतरनाक साबित हो सकती है।



पवन गौतम
संपादक

## नजरिया

### शांति की ब्रांडिंग और सत्ता का सौदा

# ट्रंप की वैश्विक राजनीति बेनकाब

ललित गर्ग



जब कोई नेता स्वयं को शांति का अग्रदूत घोषित करता है, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि उसके शब्द और कर्म मानवता की पीड़ा को कम करने की दिशा में बढ़ें। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वैश्विक राजनीतिक चरित्र इस अपेक्षा को बार–बार चुनौती देता है। नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा में डूबे ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विरोधाभास को जन्म देती हैं, जहां शांति की भाषा के साथ–साथ युद्ध, दबाव, प्रतिबंध और भय का तंत्र भी सक्रिय रहता है। यह शांति नहीं, बल्कि शांति की ब्रांडिंग प्रतीत होती है–एक ऐसी ब्रांडिंग, जिसके पीछे सत्ता, वर्चस्व और सौदेबाजी की राजनीति छिपी है। ट्रंप का व्यक्तित्व वैश्विक राजनीति में एक जटिल पहेली की तरह है। वे स्वयं को संघर्ष सुलझाने वाला बताते हैं, लेकिन उनके निर्णय अक्सर संघर्षों को और तीखा करते नजर आते हैं। वे शांति समझौतों का श्रेय लेना चाहते हैं, पर उन समझौतों की बुनियाद में स्थानीय जनता की सहमति, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों की जगह आर्थिक पैकेज, दबाव और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हैं। यही कारण है कि उनकी हर शांति पहल अपने साथ सवालों की लंबी श्रृंखला लेकर आती है।

गाजा में शांति स्थापना को लेकर ट्रंप की प्रस्तावित योजना इस विरोधाभास का सबसे ताज़ा उदाहरण है। दशकों से हिंसा, विस्थापन और मानवीय त्रासदी झेल रहे गाजा के भविष्य को एक ऐसे आर्थिक मॉडल में समेटने की कोशिश की गई, मानो यह किसी संघर्षग्रस्त क्षेत्र का नहीं, बल्कि किसी निवेश परियोजना का खाका हो। शांति को मानवीय अधिकारों, राजनीतिक स्वतंत्रता और न्याय के संदर्भ में देखने के बजाय उसे व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत करना यह दर्शाता है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति एक नैतिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उत्पाद है।

यह दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को हाशिये पर डाल देता है। शांति अगर स्थानीय लोगों की इच्छा, सम्मान और अधिकारों के बिना थोपी जाए, तो वह स्थायी नहीं हो सकती। गाजा का इतिहास इस सच्चाई का साक्षी है कि जब भी बाहरी शक्तियों ने बिना जवाबदेही के समाधान थोपने की कोशिश की, परिणामस्वरूप हिंसा और गहरी हुई। ट्रंप की योजना इसी पुराने चक्र को नए शब्दों में दोहराती प्रतीत होती है। ट्रंप की राजनीति का एक केंद्रीय तत्व बहुपक्षीय संस्थाओं के प्रति अविश्वास रहा है। संयुक्त राष्ट्र को वे अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताते रहे हैं। लेकिन सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय ढांचा अनिवार्य है, चाहे वह अपूर्ण ही क्यों न हो। जब शक्तिशाली राष्ट्र इस ढांचे को अपने हितों के अनुकूल नहीं पाते, तो वे उसे कमजोर करने की कोशिश करते हैं। ट्रंप इसी प्रवृत्ति के मुखर प्रतिनिधि बनकर उभरे। उनके द्वारा प्रस्तावित नया वैश्विक शांति संस्थान भी इसी मानसिकता का विस्तार लगता है। शब्दों में यह विचार जितना आकर्षक है, व्यवहार में उतना ही खतरनाक। संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत मंच को दरकिनार कर खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक बनने से पहले वैधता के संकट से जूझेगी। बिना वैश्विक सहमति और जवाबदेही के, ऐसा मंच शांति से अधिक वर्चस्व की राजनीति का उपकरण बन सकता है।

ट्रंप की नीतियों में एक और बड़ा विरोधाभास हथियारों की बिक्री और सैन्य गठबंधनों के विस्तार से जुड़ा है। शांति की बात करते हुए भी अमेरिका ने उनके कार्यकाल में हथियारों के कारोबार को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया। ईरान को युद्ध की धमकी, मध्य पूर्व में सैन्य दबाव, यूरोप पर रक्षा खर्च बढ़ाने का जोर–ये सभी कदम उस शांति की अवधारणा से मेल नहीं खाते, जिसका वे दावा करते हैं।

यह दोहरा आचरण वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। जब शांति की भाषा के साथ युद्ध की तैयारी चलती रहे, तो दुनिया में अविश्वास का माहौल बनता है। ट्रंप की राजनीति इसी अविश्वास को पोषित करती दिखती है, जहां हर रिश्ता सौदेबाजी और दबाव के तराजू पर तौला जाता है। गाजा में शांति प्रयासों में भारत को शामिल करने का प्रस्ताव इस पूरी जटिलता को और उजागर करता है। भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन पर आधारित रही है। भारत के इस्राइल से मजबूत संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। यही संतुलन भारत की कूटनीतिक ताकत रहा है।

लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार कर एकतरफा ढांचे में आगे बढ़ती है, तो उसमें शामिल होना भारत के लिए नैतिक और रणनीतिक दोनों स्तरों पर चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने हमेशा संवाद, सहमति और स्थिरता को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप–प्रेरित किसी पहल में भागीदारी भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा से टकरा सकती है। युद्ध केवल हथियारों से नहीं लड़ा जाता; शब्द भी युद्ध का हथियार बनते हैं। ट्रंप की बयानबाजी में आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर विभाजन की स्पष्ट छाया दिखाई देती है। जब विश्व की सबसे बड़ी शक्ति का नेतृत्व इस तरह की भाषा का प्रयोग करता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। असहिष्णुता को वैधता मिलती है और वैश्विक संवाद का स्तर गिरता है।

शांति की आकांक्षा रखने वाले नेता से अपेक्षा होती है कि वह पुल बनाए, दीवारें नहीं। लेकिन ट्रंप की शैली अक्सर दीवारों, प्रतिबंधों और धमकियों की राजनीति को बढ़ावा देती है। यह रवैया शांति की दिशा में नहीं, बल्कि नए संघर्षों की जमीन तैयार करता है। यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व, एशिया से अफ्रीका तक–आज दुनिया जिन संकटों से गुजर रही है, उनमें महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की बड़ी भूमिका रही है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और तीव्र करता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'अमेरिका फर्स्ट' की मानसिकता हावी रही। शांति के नाम पर दबाव, सौदेबाजी और धमकी की यह त्रयी मानवता के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

अंततः प्रश्न यही है–क्या केवल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से कोई शांति–दूत बन सकता है? शांति केवल घोषणाओं से नहीं आती; उसके लिए जवाबदेही, सहमति, न्याय और मानवीय संवेदना की आवश्यकता होती है। यदि इन मूल तत्वों को दरकिनार कर शांति थोपी जाए, तो वह स्थायी नहीं होती, बल्कि नए संघर्षों को जन्म देती है।

ट्रंप की कार्यशैली इसी सच्चाई की पुष्टि करती है। शांति का ढोंग तब और क्रूर प्रतीत होता है, जब उसी समय बम गिर रहे हों, प्रतिबंधों से आम नागरिक त्रस्त हों और नफरत की भाषा वैश्विक विमर्श को विषाक्त कर रही हो। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो शक्ति प्रदर्शन से नहीं, बल्कि करुणा, न्याय और बहुपक्षीय सहयोग से शांति का मार्ग प्रशस्त करे। अन्यथा शांति के नाम पर की गई यह राजनीति इतिहास में एक असफल और खतरनाक प्रयोग के रूप में दर्ज होगी।

## विचार विण्डो

# राष्ट्रीय बालिका दिवस: सशक्त बेटियाँ, समृद्ध राष्ट्र

महेन्द्र तिवारी

किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपनी आधी आबादी–स्त्रियों और बालिकाओं–को कितना सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्रदान करता है। भारत, जो स्वयं को विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं में गिनता है, इस कसौटी पर आज भी पूरी तरह खरा नहीं उतर पाया है। एक ओर हमारे शास्त्रों में नारी को 'शक्ति', 'जननी' और 'सृजन की आधारशिला' कहा गया है, तो दूसरी ओर सामाजिक यथार्थ में कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, शिक्षा से वंचन और असुरक्षा जैसी समस्याएँ आज भी हमारे सामने खड़ी हैं। ऐसे समय में राष्ट्रीय बालिका दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक विवेक को झकझोरने का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कन्याओं का उत्थान केवल एक वर्ग विशेष का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई, जब यह महसूस किया गया कि बालिकाओं से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित एक विशेष दिन की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य स्पष्ट था–बालिकाओं के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा समान अवसर उपलब्ध कराना। यह दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में उस भारत का निर्माण कर पा रहे हैं, जहाँ बेटी का जन्म उत्सव का कारण बने, बोझ का नहीं। दुर्भाग्यवश, आज भी देश के कई हिस्सों में बेटी का जन्म चुप्पी और चिंता के साथ स्वीकार किया जाता है, जबकि बेटे के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। यह मानसिकता ही समाज की सबसे बड़ी कमजोरी है।

आँकड़े इस सच्चाई को और स्पष्ट करते हैं। हाल के वर्षों में लिंगानुपात में कुछ सुधार अवश्य हुआ है, लेकिन यह सुधार असमान और असंतुलित है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। कन्या भ्रूण हत्या और लिंग चयन जैसी अमानवीय प्रथाएँ कानून के बावजूद पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। प्राथमिक स्तर पर नामांकन बढ़ा है, लेकिन किशोरावस्था तक पहुँचते–पहुँचते बड़ी संख्या में लड़कियाँ स्कूल छोड़ देती हैं। गरीबी, घरेलू काम का बोझ, असुरक्षित परिवेश, परिवहन की कमी और सामाजिक दबाव इसके प्रमुख कारण हैं। यह स्थिति केवल बालिकाओं की व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि देश की मानव संसाधन क्षमता पर सीधा आघात है।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी बालिकाओं की स्थिति चिंताजनक है। कुपोषण, एनीमिया और कम उम्र में विवाह व मातृत्व उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बाधित करते हैं। एक कमजोर और अस्वस्थ बालिका आगे चलकर स्वस्थ समाज की नींव नहीं रख सकती। इसके साथ ही, सुरक्षा का प्रश्न लगातार गंभीर होता जा रहा है। यौन हिंसा, घरेलू उत्पीड़न और अब साइबर अपराधों ने बालिकाओं के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। यह विडंबना ही है कि जिस समाज में नारी को देवी कहा जाता है, उसी समाज में वह सबसे अधिक असुरक्षित भी है।

सरकारों ने समय–समय पर बालिकाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएँ और कार्यक्रम शुरू किए हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी पहल ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने का काम किया है। शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं ने कई बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छात्रवृत्तियाँ, मुफ्त साइकिल और पोषण अभियान जैसे प्रयासों ने यह साबित किया है कि यदि नीति और नीयत सही हो, तो बदलाव संभव है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि योजनाओं की सफलता उनके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है, और यही वह क्षेत्र है जहाँ अभी भी गंभीर सुधार की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार, जागरूकता की कमी और सामाजिक उदासीनता कई अच्छी योजनाओं को कागज़ों तक सीमित कर देती हैं।

हालाँकि यह समझना भी उतना ही आवश्यक है कि बालिकाओं का उत्थान केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। समाज और परिवार की भूमिका इसमें कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जब तक माता–पिता बेटे और बेटी में भेद करना नहीं छोड़ेंगे, जब तक बेटी की शिक्षा को 'जरूरत' नहीं बल्कि 'अनावश्यक खर्च' समझा जाएगा, तब तक कोई भी नीति पूरी तरह सफल नहीं हो सकती। परिवार ही वह पहली पाठशाला है जहाँ समानता, सम्मान और आत्मविश्वास के बीज बोए जाते हैं। यदि वही पाठशाला भेदभाव सिखाएगी, तो समाज से बदलाव की उम्मीद करना व्यर्थ होगा।

शिक्षा बालिकाओं के सशक्तिकरण की सबसे मजबूत आधारशिला है। शिक्षित बालिका न केवल अपने अधिकारों को पहचानती है, बल्कि समाज में अपनी भूमिका को भी आत्मविश्वास के साथ निभाती है। वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती है, निर्णय लेने में सक्षम होती है और अगली पीढ़ी को भी बेहतर दिशा देती है। यही कारण है कि बालिकाओं की शिक्षा में निवेश करना दरअसल राष्ट्र के भविष्य में निवेश करना है। आज आवश्यकता है कि शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखा जाए, बल्कि जीवन कौशल, तकनीकी प्रशिक्षण और आत्मरक्षा जैसे पहलुओं को भी इसमें शामिल किया जाए। राष्ट्रीय बालिका दिवस का महत्व इसी व्यापक दृष्टि में निहित है। यह दिन हमें केवल समस्याएँ गिनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि समाधान की दिशा में सोचने और संकल्प लेने का मंच भी प्रदान करता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि बालिकाओं के अधिकार कोई दया या अनुदान नहीं, बल्कि उनका जन्मसिद्ध अधिकार हैं। एक ऐसा राष्ट्र जो अपनी बालिकाओं को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त नहीं बना सकता, वह दीर्घकालिक प्रगति का सपना भी नहीं देख सकता।

आज जब भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई शक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित करने की बात करता है, तब यह अनिवार्य हो जाता है कि हम अपने सामाजिक आधार को भी उतना ही मजबूत करें। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक उपलब्धियाँ तब तक अधूरी हैं, जब तक समाज के सबसे कमजोर वर्ग–बालिकाएँ–सुरक्षित और सम्मानित नहीं हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें इसी अधूरेपन का एहसास कराता है।

अंततः यह कहना अनुचित नहीं होगा कि कन्याओं का उत्थान केवल सामाजिक सुधार का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और भविष्य का सवाल है। जब एक बालिका भय के बिना जन्म ले सके, शिक्षा के साथ अपने सपनों को आकार दे सके और सम्मान के साथ समाज में जी सके, तभी यह देश वास्तव में प्रगतिशील कहलाएगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हमें केवल भाषण और आयोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाने का ईमानदार प्रयास करना चाहिए। क्योंकि सच यही है कि सशक्त बालिका ही सशक्त भारत की सबसे मजबूत नींव है।

## साहित्यिक कोना

ज़िंदगी भी चाय जैसी होती है,
कभी कड़वी, कभी मीठी होती है।
कभी उबाल ज़रूरी हो जाता है,
तभी असली स्वाद बाहर आता है।
हर घूंट में अनुभव बसता है,
हर सुबह एक नया सबक देता है।
कभी अदरक–सी तीखी बातें,
कभी इलायची–सी मीठी यादें।
कुछ प्याले टूट जाते हैं रास्ते में,
कुछ साथ रह जाते हैं उम्र भर।
धुएँ में भी खुशबू छुपी रहती है,
बस नज़र पहचानने वाली चाहिए।
जिदगी की चाय ठंडी न होने देना,
वरना स्वाद यादों में ही रह जाएगा।

....शिखा व्यास

## विशेष अनुरोध

यदि आपको यूनिक समय समाचार पत्र की प्रति (कॉपी) प्राप्त नहीं हो रही है तो हमारे इस मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**8394983366**

टी 20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा विवाद

# भारत को नहीं होगा कोई नुकसान : मदन लाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आगामी टी 20 वर्ल्ड कप से पहले बांग्लादेश और भारत के बीच खड़ा हुआ विवाद क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत में होने वाले अपने मैच खेलने से इनकार कर दिया है। बोर्ड की ओर से आधिकारिक तौर पर सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है, लेकिन इस फैसले पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल ने इसे पाकिस्तान की साजिश करार दिया है।

मदन लाल का मानना है कि पाकिस्तान, जो भारत को सीधे चुनौती देने की स्थिति में नहीं है, बांग्लादेश को मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2025 में भारत ने एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था,



लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान ने ट्रॉफी देने से इनकार कर दिया था। उसी हार की कुंठा अब पाकिस्तान बांग्लादेश के जरिए निकालने की कोशिश कर रहा है। बीसीबी ने टी 20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी के उन मुकाबलों को भारत में खेलने से मना कर दिया है, जो कोलकाता और मुंबई में प्रस्तावित थे। इस पर मदन लाल ने कहा कि मुंबई भारत के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है, ऐसे में सुरक्षा को बहाना बनाना तर्कसंगत नहीं लगता।

वहीं, आईसीसी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए अब पर्याप्त समय नहीं है और सुरक्षा को लेकर कोई ठोस चिंता नहीं है। मदन लाल ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश का यह रुख अंततः उसी के लिए नुकसानदेह साबित होगा।


यदि मैच न्यूट्रल वेन्यू पर ले जाने या टूर्नामेंट से हटने की स्थिति बनी, तो बांग्लादेश को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ क्रिकेटिंग स्तर पर भी बड़ा झटका लगेगा। उन्होंने साफ कहा कि इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा। इस पूरे घटनाक्रम को मदन लाल ने राजनीतिक साजिश और क्रिकेट में रणनीतिक खेल बताया। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि बांग्लादेश अपने फैसले पर कायम रहता है या क्रिकेट जगत के दबाव में बदलाव करता है।

डेविड वॉर्नर का सिडनी थंडर के साथ फिर करार

## बीबीएल 16 में दमदार वापसी की तैयारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर एक बार फिर बिग बैश लीग में सिडनी थंडर की जर्सी में नजर आएंगे। शानदार फॉर्म में चल रहे वॉर्नर ने बीबीएल 2025-26 (बीबीएल 16) सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ एक साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। उनके साथ अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल को भी टीम ने अगले सीजन के लिए बरकरार रखा है।

बीबीएल 15 में डेविड वॉर्नर ने अपने बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन किया था। उन्होंने केवल आठ मैचों में 433 रन बनाए, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 130 रन रहा। वॉर्नर का औसत 86 और स्ट्राइक रेट 154.09 रहा, जो उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी का साफ सबूत है। हालांकि, उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिडनी थंडर का सीजन




निराशाजनक रहा और टीम केवल दो मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर रही।

कॉन्ट्रैक्ट बढ़ने पर वॉर्नर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह थंडर के साथ एक और सीजन खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने माना कि पिछला सीजन चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन फैंस के समर्थन और उत्साह ने उनके फैसले में अहम भूमिका निभाई। वॉर्नर ने यह भी कहा कि टीम ने बीबीएल 16 के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है और उनका लक्ष्य इस बार मजबूत प्रदर्शन करना है। वॉर्नर का अनुभव, निरंतरता और आक्रामक बल्लेबाजी सिडनी थंडर के लिए बेहद अहम साबित हो सकती है। फैंस को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में टीम बीबीएल 16 में नई ऊर्जा के साथ बेहतर नतीजे हासिल करेगी।

एसए 20 2025-26

## सुपर किंग्स बाहर, पार्ल रॉयल्स क्वालीफायर-2 में, अब सनराइजर्स से टक्कर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एसए 20 2025-26 के एलिमिनेटर मुकाबले में पार्ल रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जोबर्ग सुपर किंग्स को 36 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ सुपर किंग्स का टूर्नामेंट सफर खत्म हो गया, जबकि पार्ल रॉयल्स ने क्वालीफायर-2 में जगह बना ली है।

इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पार्ल रॉयल्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। ओपनर लुआन-ड्री प्रिटोरियस ने 34 गेंदों में 51 रनों की तेज पारी खेली। डैन लॉरेंस (36) और सिकंदर रजा (35) ने भी अहम योगदान दिया। सुपर किंग्स की ओर से वियान मुल्डर ने 2 विकेट लिए। 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और 40 रन तक चार विकेट गिर गए। कप्तान जेम्स विंस के 47 रनों के बावजूद टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी।

एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की दौड़ में भारत

## 2028 के दो बड़े वैश्विक टूर्नामेंट के लिए लगाई बोली

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत खेलों की वैश्विक मेजबानी के क्षेत्र में लगातार अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहा है। हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने के बाद अब भारत एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी लेने की दिशा में आगे बढ़ गया है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने वर्ष 2028 में होने वाली दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से बोली लगाई है।

एएफआई ने भुवनेश्वर में विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अहमदाबाद में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2028 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा है। अहमदाबाद में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के



लिए बोली 2024 के अंत में विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को भारत दौरे के दौरान दी गई थी। यह भारत के लिए युवा एथलेटिक्स को वैश्विक मंच देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

ताजा घटनाक्रम में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर

### एएफआई ने भुवनेश्वर में विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अहमदाबाद में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी का प्रस्ताव रखा

स्थित कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर एथलेटिक्स सुविधा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और पूर्व एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरीवाला के साथ ओडिशा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह दौरा भुवनेश्वर की मेजबानी दावेदारी को और मजबूत बनाता है।

## शहजादपुर में ग्रामीण खेल महोत्सव कल से

**यूनिक समय, फरह।** क्षेत्र के गांव शहजादपुर में शनिवार से ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन होगा। खेल महोत्सव के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ी कबड्डी, लंबी कूद और दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में केवल चयनित गांवों के खिलाड़ी ही सहभागिता कर पाएंगे। आयोजक रविंद्र सिंह तरकर ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव शहजादपुर में 24 जनवरी से ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन होगा। टीम और खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

### पुरस्कार वितरण 27 जनवरी को होगा

उन्होंने बताया कि 24 और 25 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जबकि 26 जनवरी को लंबी कूद और 27 जनवरी को दौड़ आयोजित होगी। 27 जनवरी को ही पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। उन्होंने चयनित गांवों के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने की अपील की है।

'बॉर्डर 2' रिलीज पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

## खराब मौसम के बावजूद सिनेमाघरों में उमड़ी दर्शकों की भीड़



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद 23 जनवरी को फिल्म 'बॉर्डर 2' देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ स्टारर यह फिल्म 1997 की सुपरहिट देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। रिलीज से पहले ही फिल्म की एडवांस बुकिंग जबरदस्त रही और दिल्ली-एनसीआर में खराब मौसम के बावजूद सिनेमाघरों में दर्शकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

हालांकि, फिल्म को लेकर दर्शकों की राय बंटी हुई नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर कुछ दर्शकों ने फिल्म को बोरिंग और पुरानी कहानी पर आधारित बताया, जबकि कई लोगों ने इसके दमदार विजुअल्स, देशभक्ति की भावना और संवादों की जमकर तारीफ की। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इसे 4.5 स्टार देते हुए कहा कि मजबूत डायलॉग्स और देश के लिए समर्पण की भावना फिल्म को खास बनाती है।

वरुण धवन ने इस फिल्म को अपने करियर के लिए व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से अहम बताया और कहा कि इसने उन्हें अपनी सीमाओं को चुनौती देने का अवसर दिया।

वहीं, सुनील शेट्टी फिल्म को लेकर भावुक दिखे और इसे अपने बेटे अहान शेट्टी के करियर के लिए महत्वपूर्ण माना। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले दिन करीब 2.35 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिससे आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

करण जौहर का सरप्राइज बना भावुक पल

## बेटी आदिरा का पत्र पढ़कर रो पड़ीं रानी मुखर्जी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी का एक इमोशनल वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रानी अपनी 10 साल की बेटी आदिरा हाथ से लिखा लेटर देखकर भावुक हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़ते हैं। यह खास सरप्राइज उन्हें उनके करीबी दोस्त और फिल्ममेकर करण जौहर ने दिया।



22 जनवरी को मुंबई में आयोजित एक इवेंट के दौरान रानी मुखर्जी ने मीडिया और करण जौहर के साथ अपने बॉलीवुड करियर के 30 साल पूरे होने पर बातचीत की। वह इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'मर्दानी 3' की रिलीज की तैयारियों में जुटी हैं। इसी इवेंट के दौरान करण जौहर ने रानी को उनकी बेटी आदिरा का लिखा हुआ लेटर पढ़कर सुनाया, जिसे सुनते ही रानी खुद को रोक नहीं पाईं।

हवाला और अवैध आर्थिक लेन-देन के बड़े रैकेट का पर्दाफाश

# दो करोड़ रुपए और 61 किलो चांदी बरामद, चार गिरफ्तार

**यूनिक समय, कानपुर।** पुलिस ने हवाला और अवैध आर्थिक लेन-देन के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। क्राइम ब्रांच ने धनकुट्टी इलाके में एक मकान पर छापेमारी की, जहां से लगभग दो करोड़ रुपये नकद, 61 किलो चांदी और नेपाली मुद्रा बरामद की गई। पुलिस के अनुसार यह रैकेट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय था।



इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क, स्रोत व अन्य संदिग्ध ठिकानों की जांच की जा रही है। बरामद नेपाली मुद्रा इस रैकेट के नेपाल तक फैले होने का संकेत देती है। कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल और ज्वाइंट कमिश्नर विनोद कुमार ने मौके पर रहकर ऑपरेशन की निगरानी की। पुलिस ने कहा कि बैंक खातों, मोबाइल डेटा और संपत्तियों की जांच के साथ ही इस गिरोह को जड़ से खत्म करने की योजना बनाई जा रही है।

इस कार्रवाई से कानपुरवासियों में पुलिस पर भरोसा बढ़ा है। पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि सतर्कता और समन्वय से बड़े अपराधों को रोका जा सकता है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं। यह अभियान कानपुर पुलिस की सक्रिय और प्रभावी जांच प्रणाली का उदाहरण माना जा रहा है, जिसने अवैध धन और चांदी के बड़े रैकेट को पकड़ने में सफलता हासिल की।

नोएडा में तेज रफ्तार कार हादसा

# युवती की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल




**यूनिक समय, नोएडा।** सेक्टर 71, फेस श्री थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, हादसे में एक युवती की मौके पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बाबा बालकनाथ मंदिर के पास अंडरपास के नजदीक हुआ। पुलिस ने बताया कि हादसे में लग्जरी स्कूडा कार का संतुलन बिगड़ गया और कार पलट गई, जिससे इसके परखच्चे उड़ गए।मृतक युवती की पहचान गुल्फिशा के रूप में हुई है, जो बरेली के कोहड़ापीर गांव की रहने वाली थी। घायल लोगों में मुर्तजा अब्बास (जामिया नगर, दिल्ली) और अनुष्का चौधरी (धौली प्याऊ मथुरा) शामिल हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर राहत कार्य शुरू किया। मृतक युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि कार अत्यधिक तेज रफ्तार में थी, और संभवतः संतुलन खोने के कारण डिवाइडर से टकराई। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर ध्यान दे रही है। यह हादसा एक बार फिर नोएडा में तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा की गंभीर चुनौती को उजागर करता है। अधिकारियों ने लोगों से सड़क पर सावधानी और गति नियंत्रण रखने की अपील की है।

# बच्चे का अपहरण कर हत्या मुठभेड़ में एक आरोपी ढेर



**यूनिक समय, चित्रकूट।** जिले में एक 12 साल के बच्चे का अपहरण और हत्या का मामला सामने आया है। बरगढ़ इलाके में व्यापारी अशोक केशरवानी के बेटे का अपहरण किया गया था। बदमाशों ने बच्चे को छोड़ने के एवज में फिरौती की मांग की थी, लेकिन फिरौती न मिलने पर बदमाशों ने मासूम की हत्या कर दी।

पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की और अपहरण व हत्या के आरोपियों का पीछा किया। मुठभेड़ में इरफान नामक आरोपी को पुलिस ने ढेर कर दिया, जबकि दूसरा आरोपी कल्लू गोली लगने से घायल हुआ है, घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान मौके से हथियार भी बरामद किए गए। बच्चे की लाश बरगढ़ बस्ती के पास बक्से में मिली, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। मृतक और आरोपी की जानकारी से गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर जाम लगा दिया और आरोपी की लाश दिखाने की मांग की।

## फिरौती की रकम नहीं मिलने पर बदमाशों ने बच्चे को मार डाला

## गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर जाम लगा

सूत्रों के अनुसार, पुलिस को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी और घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में इरफान को ढेर किया और कल्लू घायल हुआ। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और मामले की आगे की जांच जारी है। यह घटना चित्रकूट और आसपास के इलाकों में सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। जनता का गुस्सा और नाराजगी बरकरार है, जबकि पुलिस अपराधियों की तलाश और बच्चों की सुरक्षा के लिए सतर्क है।

# योगी के 'कालनेमी' बयान पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भड़के

**यूनिक समय, प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'कालनेमी' बयान पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "कालनेमी कौन है, अब देश की जनता को पता चल गया है। हम सुख नहीं भोग रहे, जबकि योगी राज गद्दी संभाले हैं।" शंकराचार्य ने माघ मेला में मौनी अमावस्या से संगम किनारे धरना जारी रखा और बसंत पंचमी का स्नान न करने का ऐलान किया। उन्होंने प्रशासन पर भी आरोप लगाए कि नोटिस और बगैर अपराध तय किए कार्रवाई की गई। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि केवल पुलिसकर्मी सस्पेंड कर देने से मामला खत्म नहीं होगा।



मेला प्रशासन ने पहले और बाद में उन्हें नोटिस भेजा था, जिसमें बग्घी घुसाने और भीड़ में बाधा डालने के आरोप थे। इस बीच, डीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शंकराचार्य से प्रार्थना की कि वह स्नान कर मामले का समापन करें। विवाद सनातन धर्म और असली-नकली संतों तक पहुंच गया है, और अब इसकी निगरानी प्रशासन कर रहा है।

# प्रशासन की लापरवाही : खुले नाले में गिरा 11 वर्षीय बच्चा, मौत

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** माजरा झुंडपुरा में 11 वर्षीय आहिल खेलते-खेलते खुले नाले में गिर गया। करीब ढाई फुट गहरे नाले में गिरने के बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने तक उसकी मौत हो गई। परिवार और ग्रामीणों ने नगर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया, बताया कि नाला ढका नहीं था और चारों ओर दीवार भी नहीं बनी थी। घटना के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। ग्रामीणों ने कहा कि इससे पहले भी इसी तरह की दुर्घटना हो चुकी थी, फिर भी सुधार नहीं किया गया।

# कफ सिरप तस्करी में 28 करोड़ की संपत्ति जब्त

**यूनिक समय, वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ सोनभद्र और वाराणसी पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। तस्करी के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल की करीब 28.50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा रही है। कोर्ट के आदेश के तहत वाराणसी में शुभम के परिवार की नामांकित संपत्तियों-जिसमें बादशाह बाग कॉलोनी का आलीशान मकान और व्यावसायिक भवन शामिल हैं-को कुर्क किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई संगठित अपराध और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान का हिस्सा है। सोनभद्र में दर्ज मामले की जांच के बाद अदालत ने 22 जनवरी को कुर्की का आदेश दिया था।

इसे एनडीपीएस एक्ट में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती माना जा रहा है। एसपी ने चेतावनी दी कि मादक पदार्थों की तस्करी समाज के लिए गंभीर खतरा है और इसमें शामिल किसी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने अवैध संपत्तियों की पहचान कर कुर्की प्रक्रिया पूरी की है। भविष्य में भी संगठित अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि इस तरह के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# यूपी पंचायत चुनाव : मतपत्र जिलों में पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू

**यूनिक समय, लखनऊ।** पंचायत चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अब जिलों में मतपत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार लगभग 60 करोड़ मतपत्र जिलों तक पहुंचाए जाने हैं। निर्वाचन आयोग ने पहले ही मतदाता पुनरीक्षण की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें आए दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची 28 मार्च को जारी होगी।

मतपत्र भेजने की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली है, इसलिए इसे अभी से शुरू किया गया है। हालांकि, चुनाव समय पर हो पाएगा या नहीं, इस पर संशय है क्योंकि समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन अभी तक नहीं हुआ है। आयोग के अधिकारी तैयारी पूरी कर रहे हैं और आयोग के गठन के बाद ही चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। इस संबंध में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चार फरवरी को




सुनवाई की तारीख निर्धारित की है। यह सुनवाई ओबीसी आयोग के गठन से जुड़ी जनहित याचिका (पीआईएल) पर होगी। याची ने कहा है कि पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग का गठन अनिवार्य है, क्योंकि इससे सीटों के आरक्षण का मामला जुड़ा हुआ है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने पीआईएल को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह तैयारी दर्शाती है कि राज्य में पंचायत चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, लेकिन अंतिम रूप से चुनाव की तिथि आयोग के गठन पर निर्भर करेगी।

# लुटेरी दुल्हनों का रैकेट, डेढ़ महीने में तीन दुल्हनें भागी

**यूनिक समय, संभल।** जिले में शादी के लिए उतावले लोगों को लूटने वाली लुटेरी दुल्हनों के चार मामले सामने आए हैं। पिछले डेढ़ महीने में गांव के तीन और दिल्ली में रहने वाले एक युवक की शादी कराई गई, जिनमें तीन दुल्हन शादी के तीन-चार दिन बाद कैश और जेवर लेकर भाग गईं। चौथी दुल्हन फरार होने की फिराक में थी, लेकिन ग्रामीणों को उस पर शक हुआ और पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



घटना कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के अजय और राजू समेत कई ग्रामीणों की शादियां इसी माध्यम से कराई गईं। शादियों के तुरंत बाद दुल्हनें नकदी और जेवर लेकर फरार हो गईं। चौथी दुल्हन, राजू की पत्नी पूजा, पकड़े जाने पर स्वीकार कर चुकी है कि उनका एक गैंग है और वे ऐसे लोगों को बातचीत के जरिए फंसाती हैं। काजल ने शादियों के लिए लड़कियों की तस्वीरें दिखाकर उन्हें चुना और फिर रुपये लेकर विवाह कराया। जांच में पता चला कि दिल्ली ससुराल की एक दुल्हन भी शादी के छह दिन बाद नकदी

## लुटेरी दुल्हनों और मैरिज ब्रोकर काजल के खिलाफ जांच कर रही पुलिस

और जेवर लेकर घर से भाग गई। पुलिस इन लुटेरी दुल्हनों और मैरिज ब्रोकर काजल के खिलाफ जांच कर रही है। जिन युवकों की दुल्हनें फरार हुईं, उनके शिकायतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला शादी में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए चेतावनी बन गया है कि किसी भी तरह की शर्तों और ब्रोकर के दावे पर बिना सतर्क हुए भरोसा न किया जाए।

## सार संक्षेप

### दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग रहेगी बंद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) के मद्देनजर दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ कॉरिडोर के सभी नमो भारत स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू अशोक नगर और आनंद विहार स्टेशनों की पार्किंग 25 जनवरी दोपहर 2 बजे से 26 जनवरी दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने की सलाह दी गई है।

### दिल्ली-गोवा में लूथरा ब्रदर्स ठिकानों पर छापेमारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली और गोवा में लूथरा ब्रदर्स के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। दिल्ली में तीन और गोवा में दो जगहों पर यह कार्रवाई जारी है। अधिकारियों ने कहा कि छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जा सकते हैं।

### ग्रीनलैंड पीएम ने ट्रंप को दी चेतावनी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस फ्रेडरिक नीलसन ने अमेरिका को चेताया कि संसाधनों के लिए कोई समझौता बिना कानून और पर्यावरण मानकों का सम्मान नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश निवेश के लिए खुला है, लेकिन अपनी संप्रभुता और पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी नहीं होने देगा।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी अकेले

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चंडीगढ़ में महापौर चुनाव में आम आदमी पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। पार्टी ने कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं किया। महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पदों के लिए चुनाव 29 जनवरी को होंगे।

### जम्मू के अस्पताल में पाकिस्तानी कैदी की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पाकिस्तानी कैदी मोहम्मद रफीक की मौत हुई। वह 2024 में अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद जेल में बंद था। मेडिकल जांच के दौरान तेज दर्द और बुखार की शिकायत के बाद उसे अस्पताल लाया गया।

### भारत और म्यांमार में भूकंप के झटके

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नागालैंड के किफिहिरे में 4 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार में 3.6 तीव्रता मापी गई। झटके भारत और म्यांमार दोनों में महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 90 किलोमीटर की गहराई में था।

### पराक्रम दिवस पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर साझा संदेश में पीएम मोदी ने लिखा कि पराक्रम दिवस के अवसर पर हम नेताजी के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी निडर नेतृत्व और अटूट देशभक्ति की मिसाल थे, जिनके आदर्श पीढ़ियों को मजबूत भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# पीएम मोदी ने केरल में तीन अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत के रेल संपर्क को मजबूत करने के लिए एक बड़ी रेल सौगात दी। उन्होंने तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कदम केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नई अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं में शामिल हैं: तिरुवनंतपुरम सेंट्रल - तांबरम (चेन्नई)। तिरुवनंतपुरम नॉर्थ (हैदराबाद)। नागरकोइल -मंगलुरु जंक्शन।

साथ ही, तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए त्रिशूर - गुरुवायुर पैसेंजर ट्रेन भी शुरू की गई। इन सेवाओं से यात्रा सुरक्षित, समयबद्ध और किफायती होगी। बेहतर रेल संपर्क से पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।





### पीएम ने केरल रैली में किया स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाल रोड शो और रैली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया और एक लाख लाभार्थियों को ऋण वितरित किए। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए पूरा देश एकजुट है और शहरों की बड़ी भूमिका है। बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने शहरी गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक घर बनाए, केरल में सवा लाख लोगों को पक्का घर मिला। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना और कर मुक्त आय सुविधाओं का भी उल्लेख किया। पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को पहली बार बैंक लोन और अब क्रेडिट कार्ड भी मिलेंगे। इस पहल से केरल में छोटे कारोबारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड भी लॉन्च किया। यह यूपीआई से जुड़ी ब्याज-मुक्त रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा स्ट्रीट वेंडर्स को तत्काल नकदी उपलब्ध कराएगी और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगी। इस योजना के तहत केरल सहित देशभर के करीब एक लाख लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया।

इसके अलावा, पीएम ने तिरुवनंतपुरम में सीएसआईआर-एनआईआईएसटी इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर की आधारशिला रखी। यह केंद्र जीवन विज्ञान और जैव-आर्थिक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा, जहां पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों से जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री केरल दौरे को राजनीतिक और विकास दोनों दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। नई ट्रेनों और योजनाओं से न सिर्फ दक्षिण भारत में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि रोजगार, व्यापार और अनुसंधान के नए अवसर भी खुलेंगे।


## अहमदाबाद और नोएडा के स्कूलों को बम धमकी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अहमदाबाद और नोएडा के कई स्कूलों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अहमदाबाद में जेवियर्स और संत कबीर स्कूल प्रमुख रूप से निशाने पर थे। धमकी भरे ईमेल मिलने के तुरंत बाद पुलिस, क्राइम ब्रांच और बम स्क्वाड मौके पर पहुंचकर सुरक्षा जांच में जुट गए। फॉरेंसिक टीम ने भी धमकी के स्रोत की छानबीन शुरू कर दी। इसी बीच नोएडा के एक निजी स्कूल को भी बम धमकी मिली।

स्कूल प्रशासन ने तुरंत अभिभावकों को सतर्क किया और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को मौके पर तैनात किया गया। स्कूलों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है और छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और जांच में सहयोग दें।

## जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश-बर्फबारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट ली। भारी बारिश और ताजा बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ, खासकर सड़क और हवाई यातायात पर। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) को एहतियातन बंद कर दिया गया। उधमपुर जिले के जखानी चौक और रामसू क्षेत्र में बर्फ जमा होने के कारण सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया। प्रशासन ने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यह कदम उठाया। श्रीनगर हवाई अड्डे पर भी हालात चुनौतीपूर्ण रहे। कई उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित या रद्द किया गया। इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को देरी और लंबा इंतजार होने की संभावना बताई और उड़ान संबंधी ताजा जानकारी नियमित रूप से चेक करने की सलाह दी। एयरलाइन ने रीबुकिंग और रिफंड के विकल्प भी उपलब्ध कराए। (अतिरिक्त चेतावनी) के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली कुछ उड़ानों को भी रद्द करना पड़ा।

करीब तीन महीने के शुष्क मौसम के बाद हुई बर्फबारी ने मैदानी इलाकों के साथ-साथ डोडा जिले के ऊपरी

### यातायात और उड़ानें प्रभावित

हिस्सों को भी ढक दिया। स्थानीय लोग इसे राहत के रूप में देख रहे हैं। प्रशासन ने सुरक्षा बलों को सड़क मार्ग और एयरपोर्ट पर तैनात किया है, ताकि यातायात और हवाई सेवाएं सुरक्षित बनी रहें।

मौसम विभाग ने पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों के लिए भी चेतावनी जारी की है। इन क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। यात्रियों और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

इस बदलाव ने जम्मू-कश्मीर में ठंड बढ़ा दी है। प्रशासन और यात्रियों दोनों के लिए सतर्कता जरूरी है। बर्फबारी और बारिश ने जहां मुश्किलें बढ़ाई, वहीं स्थानीय लोगों के लिए यह लंबे समय से प्रतीक्षित राहत भी लेकर आई।

## डोडा सड़क हादसा: 10 जवानों को अंतिम श्रद्धांजलि

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में 10 जवानों की मृत्यु हो गई और 11 घायल हो गए। शुक्रवार को उनके सम्मान में टेक्निकल एयरपोर्ट पर सेना और प्रशासन ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह की अध्यक्षता व्हाइट नाइट कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल पी. के. मिश्रा ने की। इसमें सेना, वायु सेना, एसएसबी, सीआरपीएफ, पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की ओर से भी बलिदान जवानों को पुष्पांजलि दी गई। जम्मू जोन के आईजीपी भीम सेन टुटी और सीआरपीएफ के आईजी आर. गोपाल कृष्ण राव ने तिरंगे में लिपटे जवानों के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बलिदान जवानों में मोनू,





### सेना और प्रशासन ने दी भावभीनी विदाई

जोबंजीत सिंह, मोहित, शैलेन्द्र सिंह, समिरन सिंह, प्रदुम्न लोहार, सुधीर नारवाल, हरे राम कुमार, अजय लकरा और रिनखिल बलीयन शामिल हैं। उनके पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके गृह नगरों को भेजे गए। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि खराब मौसम और खतरनाक मार्ग पर वाहन फिसलने से यह दुर्घटना हुई।

## वैष्णो देवी मंदिर में पहली बर्फबारी घाटी में नजर आया खूबसूरत नजारा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर सहित त्रिकुटा पर्वत और भद्रवाह घाटी में इस साल की पहली बर्फबारी हुई। पटनीटॉप, नाथाटॉप, सनासर और बटोटे भी बर्फ से ढक गए, जिससे पर्यटक और स्थानीय व्यवसाय खुश हैं।



श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्राइन बोर्ड ने स्मार्ट लॉकर व्यवस्था की। बर्फबारी से बिजली उत्पादन में सुधार, भूजल स्तर बढ़ने और फल-फसलों के लिए लाभ की उम्मीद है।

पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ बढ़ने की संभावना है। होटल मालिक, टैक्सी चालक और ठेले वाले इससे लाभान्वित होंगे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई, जिससे पूरा क्षेत्र सफेद चादर से ढक गया और अद्भुत दृश्य प्रस्तुत हुआ।

## कांग्रेस-थरूर में फिर छिड़ी रार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और सांसद शशि थरूर के बीच मतभेद खुलेआम सामने आ गए हैं। हाल ही में हुई एक अहम पार्टी बैठक में थरूर शामिल नहीं हुए, जिससे चर्चा बढ़ गई। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि थरूर के न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि सभी जरूरी और जनाधार वाले वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद थे। थरूर लंबे समय से पार्टी की बैठकों से दूरी बनाए हुए हैं और कई बार कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल भी उठा चुके हैं। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर पार्टी ने जनाधार नहीं बढ़ाया तो लगातार तीसरी बार विपक्ष में रह सकती है। थरूर ने यह भी संकेत दिए हैं कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास अन्य विकल्प हैं, जिनमें किताबें लिखना भी शामिल है।

शशि थरूर ने कई मौकों पर एनडीए सरकार की नीतियों की भी सराहना की है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि वे कांग्रेस छोड़ कर किसी अन्य राजनीतिक विकल्प की ओर रुख कर सकते हैं।

## अविश्वसनीय! एक महिला ने 69 बच्चों को दिया जन्म

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रूस की वैलेंटीना वासिलीयेवा ने 27 बार गर्भधारण कर कुल 69 बच्चों को जन्म देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। उनके अधिकांश बच्चों का जन्म जुड़वां, तिड़वां और चौड़वां रूप में हुआ। 16 बार जुड़वां, 7 बार तिड़वां और 4 बार चौड़वां बच्चों के जन्म के कारण उनका यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

वैलेंटीना के पति फ्योदोर वासिलीयेव ने दूसरी शादी में 18 और बच्चे पैदा किए, जिससे दोनों शादियों से कुल 87 बच्चे हुए, जिनमें से 82 जीवित रहे। यह अद्भुत घटना 18वीं सदी में हुई, जब चिकित्सा सुविधाएं



सीमित थीं।

इस दुर्लभ रिकॉर्ड की पुष्टि निकोल्स्क मठ और सेंट पीटर्सबर्ग पैनोरमा जैसे ऐतिहासिक दस्तावेजों में मिलती है। वैलेंटीना की कहानी उस समय की सामाजिक और चिकित्सीय परिस्थितियों में भी चमत्कारिक मानी जाती है। उनकी यह उपलब्धि आज भी लोगों को हैरान और प्रेरित करती है।

### सरकारी हॉस्पिटल का कारनामा

# मेडिकल में फेरबदल के नाम पर युवक और डॉक्टर ने लिया सुविधा शुल्क

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** छाता के सरकारी हॉस्पिटल में मारपीट में घायल महिला का मेडिकल बढ़ाने के नाम पर पैसे लेने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत पीड़ित पूजा पति मोहन निवासी नौगांव छाता ने अधिकारियों से की है। छाता सरकारी अस्पताल रात्रि में तैनात ड्यूटी डॉक्टर वह साथ में ही रहने वाले एक युवक पर मेडिकल करने उसे बढ़ाने के पैसे लेने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित नौगांव निवासी मोहन सिंह ने व उसकी पत्नी ने



आरोप लगाते हुए बताया कि 20 जनवरी को परिवार के लोगों द्वारा उनके साथ उनकी पत्नी के साथ मारपीट की गई, जिसमें उसकी पत्नी के सिर में गंभीर चोटें आईं। छाता पुलिस ने तुरंत ही घायल को मेडिकल

### पीड़ित ने गुमराह कर 15000 रुपए लिए जाने की लिखित शिकायत की

के लिए छाता के सरकारी अस्पताल भेजा। हॉस्पिटल में रात्रि 9:00 बजे मेडिकल ड्यूटी डॉक्टर के साथ में तैनात एक युवक ने उनसे मेडिकल बढ़ाने के नाम पर 20000 की मांग की, उसे बातों में उलझाते हुए उससे 15000 मेडिकल में बढ़ोतरी के नाम पर ले लिए, जबकि सिर फटने से करीब दस टांके ही खोपड़ी में आए थे, डॉक्टर ने पैसे लेकर उनको बढ़ोतरी करते हुए 19 कर दिया। पीड़ित ने अवैध तरीके से धोखा दे कर वसूली करने का आरोप सरकारी विभाग के कर्मचारियों पर लगाया है और मांग की है कि गरीब की सुनवाई की जाए और अवैध तरीके से भोले भाले लोगों को गुमराह करने वाले व धन वसूलने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। नाइट ड्यूटी डॉक्टर से संपर्क किया तो उनका फोन व्यस्त आया।

# रिफाइनरी प्लांट में आग लगने की खबर से हड़कंप

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी प्लांट में आग लगने की सूचना पर प्रशासन की गाड़ियां रिफाइनरी की ओर दौड़ने लगी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने तुरंत मथुरा आगरा हाईवे को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया। रिफाइनरी में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दौड़ने लगी। रिफाइनरी में लगी आग की घटना के बाद रिफाइनरी प्लांट में खतरे का सायरन गूंजने लगा। सायरन की गूंज सुनकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। तुरंत इस बारे में जिला प्रशासन नागरिक सुरक्षा संगठन के लोग और फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस व पुलिस अधिकारियों के फोन की घंटिया बजने लगी। थाना रिफाइनरी की फोर्स तुरंत रिफाइनरी प्लांट की ओर दौड़ पड़ी। हाईवे पर चलने वाले वाहनों का पुलिस ने सुरक्षा

### युद्ध के समय होने वाली घटना को लेकर पूर्वाभ्यास

की दृष्टि से रिफाइनरी को जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया। इसके चलते वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी रिफाइनरी पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग को बुझाने के लिए दौड़ पड़ी।

रिफाइनरी में आग लगने की सूचना पर आस-पास के इलाके में कुछ समय के लिए लोग दहशतजदा हो गए। फायर ब्रिगेड ने आग को बुझा दिया। बाद में पता लगा कि रिफाइनरी में आग की कोई घटना नहीं हुई ये तो केवल मॉक ड्रिल थी।

# संदिग्ध हालात में होमगार्ड जवान की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी थाना क्षेत्र में तैनात होमगार्ड जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। नौहझील क्षेत्र के गांव नौशेरपुर निवासी होमगार्ड संजय (41) पुत्र शेर सिंह शुक्रवार को बरेली हाईवे के पास एक शराब ठेके के नजदीक बेसुध अवस्था में मिले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और होमगार्ड विभाग में हड़कंप मच गया। थाना रिफाइनरी प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि सीसीआर कंट्रोल रूम मथुरा से आरटी सेट के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि हाईवे किनारे एक होमगार्ड जवान अचेत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, रोहित उज्ज्वल, सुरेश सिंह और सिपाही अजय कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे।

### रिफाइनरी क्षेत्र में बेसुध मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस टीम ने होमगार्ड संजय को तुरंत उपचार के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती जिला चिकित्सालय मथुरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जवान की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# ग्रामीणों की ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी बच्ची की मौत, कई घायल

**यूनिक समय, चौमुहां।** सुरीर के गांव ईंधौली से पसौली में होने वाले ब्रह्मभोज में ट्रैक्टरों में सवार होकर पुआ खाने के लिए गांव पसौली जाता ट्रैक्टर ट्रॉली सामने से आती कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में एक किशोरी की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। गांव ईंधौली से आज पसौली गांव में पुआ खाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर काफी संख्या में ग्रामीण जा रहे थे। बताया गया कि ट्रैक्टर को गांव का पप्पू पुत्र भूप सिंह चला रहा था। ट्रैक्टर परखम-पसौली रोड पर सामने आती कार को बचाने के प्रयास में पलट गया। ट्रैक्टर ट्रॉली को पलटने पर उसमें सवार लोगों ने चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जेसीबी को मंगा कर पलटे ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को किसी तरह बाहर

### सामने आती कार को बचाने पर पलटा ट्रैक्टर

### नीचे दबे लोगों को जेसीबी से ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधा कर निकाला

निकाला। इसी दौरान दो एम्बुलेंस भी वहां पहुंच गई। एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को केडी मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने किशोरी मानवी पुत्री दीपक को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा वृद्धा डल्लो पत्नी उदल व बेटे कल्याण की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं घायल में भूदेव सिंह, ऋषि, सुमित, मन्नू, रुबी, अनीता व हेमा के अलावा चोटिल हुए घायलों की मरहमपट्टी करने के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।

# छात्राओं को बसंत पंचमी का महत्व समझाया



हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में बसंत पंचमी कार्यक्रम में छात्राओं के साथ प्रधानाचार्या डॉ. अंजू सूद।

**यूनिक समय, वृंदावन।** हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में बसंत पंचमी पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष कमल खण्डेलवाल एवं प्रधानाचार्या डॉ. अंजू सूद ने किया। आचार्या श्रीमती सुमन शर्मा, सोनिया चतुर्वेदी, लता गौतम, राखी चतुर्वेदी ने सरस्वती मंत्र, श्लोक व बसंत उत्सव के महत्व को बताया। छात्राओं ने बसंत उत्सव के गीत गाये।

# अवैध पार्किंग चलाने वालों पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, चौमुहां (मथुरा)।** सरकारी जमीन पर अवैध पार्किंग चलाने के मामले में नगर निगम के कर अधीक्षक ने थाना जैंत पर मुकदमा लिखाया। नगर निगम के कर अधीक्षक हरी कृष्ण प्रसाद गुप्ता द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि छटीकरा रोड स्थित वैष्णो देवी मंदिर के समीप सरकारी जमीन पर नानक निवासी सुजावली द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग चलाई जा रही है। उस पर नगर निगम द्वारा एक लाख 37 हजार पांच सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। जुर्माना अदा करने के लिए 29 दिसंबर 2025 को पत्र भी दिया गया था, लेकिन इन लोगों ने न तो जुर्माना भरा और न हीं अवैध रूप से चलाई जा रही पार्किंग को बंद किया गया। इस मामले में नानक, पुष्पेंद्र निवासी छटीकरा को नाम जद किया गया है।

## राधिका विहार उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति 4 घंटे बंद रहेगी

**यूनिक समय, मथुरा।** सौंख रोड पर बन रहे नवीन टावर लाइन का निर्माण कार्य को लेकर 33 केवी राधिका विहार उपकेंद्र से प्रेषित 11 केवी कृष्णानगर-2 फीडर शनिवार को सुबह 10 बजे दोपहर 2 बजे तक शटडाउन किया जाएगा। जिसके चलते कृष्णानगर, सौंख रोड, पदमपुरी, कृष्णानगर सी, डी ब्लाक, अम्बेडकर नगर, बौद्ध नगर और दुर्गापुरी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# नेता जी सुभाष चंद बोस की जयंती व बसंत पंचमी मनायी

**यूनिक समय, चौमुहां।** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय औधूता ब्लॉक के प्रांगण में नेता जी सुभाष चंद बोस की जयंती व बसन्त पंचमी मनायी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सोलंकी, शिक्षक मुकेश कुमार ने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के बच्चों की वाद विवाद, निबंध व खेल कूद प्रतियोगिता भी कराई। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुकेश कुमार, रामकृष्ण, देवेन्द्र सिंह बघेल, सचिन सिंह, वर्षा बघेल, आशाराम, राजा, अमन तथा हेमन्त आदि उपस्थित थे।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने पर आठ की रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत के कस्बा चौमुहां में घर में घुसकर महिलाओं से छेड़ छाड़ करने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। चौमुहां में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी छोटी पुत्र वधू दूसरे मकान में सफाई कर रही थी। इसी दौरान गांव विवेक, गब्बर, साहब सिंह, रविकांत अपने चाल अज्ञात साथियों के साथ वहां आया। इन लोगों ने महिलाओं से गली गलौज करते हुए छेड़खानी की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। महिलाओं के शोर करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस मामले में सीओ सदर प्रीतम पाल सिंह का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति जो कि एक किता प्लाट सं- 05 व 06, जिसका कुल क्षेत्रफल 83.61 वर्गमीटर है जो स्थित मौजा-गनेशरा अन्दरुन भोलाधाम कॉलोनी, तहसील व जिला मथुरा जो खसरा न0-743 में स्थित है मंजू राणा पत्नी राजीव राणा से श्रीमती अंजू पत्नी श्री महक सिंह निवासी ग्राम वाटी, तहसील व जिला मथुरा ने क्रय की थी, जो कि उपनिबन्धन कार्यालय मथुरा में दिनांक 07-09-2022 के क्रमांक 19165 पर दर्ज है के पूर्व के बैनामे का असल प्रलेख जो कि उपनिबन्धन कार्यालय मथुरा में दिनांक 10-08-2018 को बही संख्या 1 जिल्द 14232 संख्या 151-174 के क्रमांक 11345 पर दर्ज है की मूल प्रति कहीं खो गयी है। अब इस सम्पत्ति पर श्रीमती अंजू पत्नी श्री महक सिंह, ग्रेहम हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड, मथुरा से ऋण प्राप्त कर रही है। अतः यह सदर बैनामे दिनांकित 10-08-2018 किसी के पास हैं अथवा गिरवी हो अथवा कोई व्यक्ति बैंक, संस्था इस सम्पत्ति अथवा विक्रय पत्र में हित रखता हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर नीचे लिखे कार्यालय में दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरित सम्पर्क / सूचित करे। 7 दिन के पश्चात कोई क्लेम प्राप्त नहीं होगा।

**दिनांक-21.01.2026 नितिन कुमार घोरले ऐडवोकेट ग्रेहम हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड, मथुरा। फोन न0 9997149391**


# ब्रज के स्थापत्य को संरक्षित करने की आवश्यकता

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृन्दावन शोध संस्थान में ब्रजभाषा साहित्य एवं संस्कृति में बसंत विषयक प्रदर्शनी, विवरणिका का लोकार्पण एवं ब्रजभाषा कलाः विलुप्ति की ओर ग्रंथ लोकार्पण एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। चतुः सम्प्रदाय के महंत फूलडोल बिहारी ने कहा कि ब्रज संस्कृति में बसंतोत्सव की अद्भुत महिमा है। बसंत के आगमन के साथ ही ब्रज में होली का उत्सव प्रारंभ हो जाता है। ब्रज के मंदिर, घाट, बावड़ी एवं कुंजे ब्रज के स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण हैं। स्वामी महेशानंद ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं साक्षात कामदेव हैं। उनका उत्सव ही मदनोत्सव एवं बसंतोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कपिलदेव उपाध्याय ने बताया कि ब्रज में यूनानी, कुषाण, गुप्त, मौर्य, मुगल, मराठा एवं जाट



दीप प्रज्वलन करते अतिथि।

आदि के शासनकाल में स्थापत्य कला की विशेष उन्नति हुई। यहाँ के मंदिरों की कुंज स्थापत्य कला विशेष उल्लेखनीय है। वर्तमान में ब्रज की स्थापत्य के ऊपर घोर संकट उपस्थित हो गया है। अब ये विलुप्ति की ओर जा रही है। डॉ. उमेश शर्मा ने कहा ब्रज में प्राचीन काल में मिट्टी से घरों का निर्माण किया जाता है। यह घर वातानुकूलित होते थे।

ब्रज में नागर एवं बेसर आदि शैली के मंदिर प्राप्त होते हैं। एसडीएम फाइनेंस पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि ब्रज के स्थापत्य को संरक्षित करने की आवश्यकता है। नये निर्माण में ब्रज की स्थापत्य कला का अनुसरण किए जाने की आवश्यकता है। डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि विप्र जनों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मोहिनीकृष्ण दासी एवं उनके साथियों ने भजनों की प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी एवं कपिलदेव उपाध्याय ने शाल एवं माल्यार्पण से किया। डॉ. राजीव द्विवेदी ने आभार जताया। संचालन डॉ. राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर महंत फूलडोल बिहारी दास, स्वामी महेशानंद, एसपी सिटी राजीव कुमार, प्रतापपाल शर्मा, संस्थान अध्यक्ष आरडी पालीवाल, डॉ. विनोद बनर्जी, डॉ. उदयन शर्मा, गोविन्दकृष्ण पाठक, महेश खण्डेलवाल, सुरेशचंद्र शर्मा, डॉ. शांतिभूषण त्रिपाठी, अभय वशिष्ठ, डॉ. अनूप शर्मा, महेश भारद्वाज एवं सुधीर शुक्ला आदि उपस्थित थे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053